हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024 अंक 59 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# धर्म के आधार पर नहीं हो सकता आरक्षण

> सुप्रीम कोर्ट ने कह दी बड़ी बात >पश्चिम बंगाल की एक याचिका पर सुको में हुई सुनवाई

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने के लिए दायर की थी, जिसमें 2010 से पश्चिम बंगाल में कई जातियों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल ने दलील दी कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपना फैसला इस साल 22 मई को सुनाया था.पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच सुनवाई कर रही है। अदालत ने पांच अगस्त को हुई सुनवाई में पश्चिम बंगाल सरकार से ओबीसी लिस्ट में शामिल की गई नई जातियों के सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन और पब्लिक सेक्टर की नौकरियों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर आंकड़े उपलब्ध मांगे थे। इस मामले की अगली



सुनवाई सात जनवरी को होगी।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से मार्च 2010 से मई 2012 के बीच ओबीसी आरक्षण के लिए पारित सभी आदेश रद्द कर दिए थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने इन आदेशों के जरिए मुसलमानों की 75 जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण दिया था।अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2012 के तहत ओबीसी में 37 जातियों को शामिल करने वाले आदेश को भी खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथा की डिवीजन बेंच ने कहा था कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य सरकार ने आरक्षण देने के लिए धर्म को एकमात्र आधार बनाया। अदालत ने इसे संविधान और अदालत के आदेशों के खिलाफ बताया था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यकीनन इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही आधार नजर आ रहा है। अदालत ने कहा था कि जिन लोगों को इस आरक्षण से अब तक लाभ मिल चुका है, उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार से पहले वाम मोर्चे की सरकार ने 2010 में ओबीसी कोटा में आरक्षण के लिए 42 जातियों की पहचान की थी. इसमें 41 जातियां मुसलमानों की थीं। साल 2011 में जब ममता बनर्जी की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई तो उसने 2012 में 35 और जातियों को ओबीसी कोटे में रिजर्वेशन दिया. इनमें से 34 जातियां मुसलमानों की थीं. इस समय पश्चिम बंगाल की ओबीसी की सूची में 180 जातियां शामिल हैं।

### क्या कहता है इंद्रा साहनी का मामला ?

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाया। 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों के पीठ ने 1992 में माना था कि ओबीसी की पहचान केवल धर्म के आधार पर नहीं की जा सकती और उन्हें आरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि सभी राज्यों को राज्य ओबीसी सूची में किसी जाति को शामिल करने और उनकी पहचान करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करना चाहिए। जस्टिस गवई ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता।

### ओबीसी आरक्षण की शुरुआत कब हुई

मोरारजी देसाई की सरकार ने पिछड़ी जातियों के शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन का पता लगाने के लिए बीपी मंडल के नेतृत्व में मंडल आयोग का गठन एक जनवरी 1979 को किया था। मंडल आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट पेश की। इस आयोग ने पिछड़ी जातियों के लिए 27 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की थी। उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी, लेकिन उसने रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उनके बाद आई राजीव गांधी की सरकार ने भी इस दिशा में कुछ नहीं किया। कांग्रेस से बगावत कर निकले वीपी सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय लिया।

## खबरें! एक नजर में!!

### पीएम मोदी 13 को करेंगे महाकुंभ का शुभारंभ

**प्रयागराज।** महाकुंभ का औपचारिक शुभारंभ करने 13 दिसंबर को तीर्थराज आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर अब तैयारियां अंतिम दौर में हैं। पीएम के कार्यक्रम को लेकर पीएमओ की टीम सोमवार को प्रयागराज आ गई। सर्किट हाउस में जिला प्रशासन और मेला प्रशासन तथा पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पीएमओ के अफसर कार्यक्रम स्थल पर हो रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

### यूपीएससी आईएएस मेंस रिजल्ट हुआ घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024 रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। परिणाम ऑनलाइन माध्यम से पीडीएफ फॉर्मेट में यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया गया है। आप तुरंत ही वेबसाइट पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक से परिणाम की जांच कर सकते हैं।

### एमएस धोनी ने बिग बी को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** एमएस धोनी यानी माही की फैन फॉलोइंग में किसी तरह की कोई कमी नहीं आई है। उनके फैंस को देखकर लगता है कि उनकी तादाद में सिर्फ इजाफा हुआ है और इसी कारण धोनी की मार्केट वेल्यू भी दमदार बनी हुई है। इतनी दमदार की बॉलीवुड के शहंशाह और बादशाह दोनों उनसे पीछे हैं। टीएएम मीडिया रिसर्च में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी साल 2024 के पहले हाफ में मार्केट वेल्यू के मामले में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान से आगे निकल गए हैं।

### बेंगलुरु में एआई इंजीनियर का सुसाइड

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु में एक एआई इंजीनियर के सुसाइड का मामला सामने आया है। 34 साल के अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी और सास पर पैसों के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड कर लिया। उन्होंने 9 दिसंबर को 1:20 घंटे का वीडियो और 24 पेज का लेटर जारी कर कहा है कि उसके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है।

### आसाराम को तीसरी बार मिली पैरोल

**नई दिल्ली।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू बाबा आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट ने तीसरी बार पैरोल दी है। मंगलवार को हाईकोर्ट ने आसाराम को 17 दिनों की पैरोल मंजूर की। अब वह 15 दिसंबर से पुणे के माधो बाग आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराएगा। इससे पहले आसाराम 10 नवंबर से 30 दिन की पैरोल पर जोधपुर के एक निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज करा रहा था, जिसकी अवधि मंगलवार को समाप्त हो गई।

### नहीं रहे पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व विदेश मंत्री एस एम कृष्णा (93 वर्ष ) का निधन हो गया। एसएम कृष्णा का मंगलवार तड़के करीब 2.30 बजे सदाशिवनगर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। अस्पताल में उनका इलाज हुआ और वे घर लौट आये।

## किसान फिर दिल्ली कूच करेंगे

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक फिर दिल्ली कूच का मन बना लिया है. इसके लिए 14 दिसंबर का दिन तय किया गया है। यह जानकारी किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने दी है। मंगलवार को प्रेसवार्ता में पंढेर ने कहा कि अब हम लोग 14 दिसंबर को दिल्ली मार्च करेंगे। अब तक इस प्रदर्शन 303 दिन पूरे हो गए हैं। किसानों का आमरण अनशन भी 15 वे दिन में पहुंच चुका है। पंढेर का कहना है कि संगठन ने हमेशा से बातचीत का स्वागत किया है। अभी तक सरकार की ओर से किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया है।उन्होंने बताया कि अब दोनों संगठनों यह तय किया है कि 14 दिसंबर को 101 किसानों का जत्था एक बार फिर दिल्ली कूच की तैयारी कर रहा है। बुधवार को हम किसान आंदोलन की सफलता को लेकर प्रार्थना करेंगे।

# 'मौत' बनकर दौड़ी मुंबई की बेस्ट बस

> 50 को कुचला, 7 की मौत, कई गाड़ियों को भी मारी टक्कर

**मुंबई।**

मुंबई के कुर्ला में बड़ा हादसा हुआ है। बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बेकाबू बस ने करीब 200 मीटर के दायरे में आए राहगिरों से लेकर गाड़ियों तक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बस की चपेट में आए 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 50 लोग घायल हैं। पुलिस के भी 4 जवान घायल हुए थे, जिनकी हालत सामान्य है।

घायलों का इलाज सायन और कुर्ला के अस्पताल में जारी है। घायलों में 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है, जिसमें बेकाबू बस कार को रौंदते दिखाई दे रही है। बेस्ट की बेकाबू बस की चपेट में कई गाड़ियां आ गईं। ये हादसा कुर्ला पश्चिम रेलवे स्टेशन रोड








पर अंबेडकर नगर में उस वक्त हुआ, जब बेस्ट की रूट नंबर 332 की बस कुर्ला स्टेशन से अंधेरी जा रही थी। पुलिस ने हादसे वाली बस के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। अब बस के मेंटेनेंस की जांच जारी है।

एक्सिडेंट की रोंगटे खड़े करने वाली तस्वीर बता रही है कि हादसा कितना भयावह था। बताया जा रहा है कि बस का ब्रेक फेल होने के बाद ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बेकाबू बेस्ट की बस ने करीब एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को टक्कर मार दी। लगातार 200 मीटर के दायरे में जो भी सामने आया उसे बस ने उड़ा दिया। स्कूटी, ऑटो, कार और सबके सब हादसे में चकनाचूर हो गए। कई गाड़ियों को रौंदने के बाद बस एक बिल्डिंग के आरसीसी कॉलम से टकराकर रुक गई। बस की टक्कर इतनी जोरदार थी की बिल्डिंग की बाउंड्री वाल भी गिर गई है।

### टक्कर मारने से पहले बस लहरा रही थी

हादसे के वक्त मौजूद रहे चश्मदीद जैद अहमद ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन जाने के लिए अपने घर से निकल रहे थे। उन्होंने देखा बस तेजी से लहरा रही थी। जैद दौड़कर वहां पहुंचे और देखा कि बेस्ट की एक बस ने पैदल यात्रियों, ऑटो रिक्शा और तीन कारों समेत कई गाड़ियों को टक्कर मार दी थी।

# ईवीएम-वीवीपैट में कोई गड़बड़ी नहीं

**मुंबई।**

महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक सीट में पांच वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जानी थी, ताकि इनकी संख्याओं का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के आंकड़ों से किया जा सके।

उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को सभी 288 सीटों में वीवीपैट पर्चियों की गिनती की गई और कुल 1445 वीवीपैट पर्चियां गिनी गईं। इस प्रक्रिया के दौरान सभी पर्चियां ईवीएम के आंकड़ों से मेल खाती हुई पाई गईं और किसी भी वीवीपैट पर्ची और ईवीएम नंबर में कोई भी विसंगति नहीं पाई गई। चुनाव नतीजों में महायुति की भारी जीत



के बाद विपक्षी दलों ने ईवीएम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे।

इन दलों का कहना था कि ईवीएम में गड़बड़ी हो सकती है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि वीवीपैट पर्चियों की गिनती का मकसद ईवीएम में दर्ज वोटों और संबंधित वीवीपैट पर्चियों की संख्या की पुष्टि करना था। इस दौरान उम्मीदवारों के प्रतिनिधि और चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक पूरी प्रक्रिया में मौजूद थे। इसमें आगे कहा गया, महाराष्ट्र की सभी सीटों पर 1,440 वीवीपैट पर्चियों की गिनती की गई। इन पर्चियों की गिनती में कोई भी विसंगति नहीं पाई गई और यह पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों द्वारा रिकॉर्ड की गई थी, जिसका फुटेज सुरक्षित रखा गया है। आयोग ने कहा कि वीवीपै पर्चियो की गिनती हर सीट के पांच मतदान केंद्रों से अनिवार्य रूप से की जाती है।

### कांग्रेस, आदित्य ठाकरे ने ईवीएम पर उठाए थे सवाल

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी ने ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। खासकर कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) ने भविष्य में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की है। आदित्य ठाकरे ने चुनाव आयोग पर राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

# आईएनएस तुशिल भारतीय नौसेना में शामिल

## दुश्मन को तबाह करने की खूबियों से लैस

**नई दिल्ली।**

रूस द्वारा निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तुशिल को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति में इस जहाज को रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।

आईएनएस तुशिल के आने से हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और ताकत जबर्दस्त ढंग से बढ़ेगी। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में चीनी नौसेना (पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी) के बढ़ते हमले देखे गए हैं। यह युद्धपोत मॉस्को के साथ वर्ष 2016 में दिल्ली द्वारा किए गए 250 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भारतीय नौसेना को मिलने वाले चार टोही युद्धपोतों में से एक है। सौदे के तहत दो युद्धपोतों का निर्माण रूस में किया जाएगा, जबकि अन्य दो को भारत में बनाया जाएगा। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि यह समुद्र में भारत की बढ़ती क्षमता का गौरवपूर्ण क्षण होने के साथ रूस के साथ दीर्घकालिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों के सहयोगात्मक कौशल का बड़ा सबूत है। भारत और रूस अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष खोज और आतंकरोधी क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता से लाभ लेते हुए सहयोग के एक नए दौर में पहुंचेंगे।

### भारतीय विशेषज्ञों की निगरानी में तैयार हुआ युद्धपोत

125 मीटर लंबे 3,900 टन वजनी यह युद्धपोत अत्याधुनिक तकनीक और निर्माण के श्रेष्ठ मानकों को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है। इसकी नई डिजाइन जहाज की टोही विशेषताओं और स्थायित्व को मजबूत बनाती है। कैलिनिनग्राद में इस जहाज के निर्माण पर भारतीय विशेषज्ञों की टीम द्वारा लगातार करीबी से नजर रखी गई।

# जिंदगी की जंग लड़ रहा 5 साल का आर्यन

> 150 फीट गहरे बोरवेल गिरा, स्क्यू ऑपरेशन जारी

**दौसा।**

राजस्थान के दौसा में 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरे पांच साल के आर्यन बचाने का अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। आर्यन को बोरवेल में फंसे 27 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है। लेकिन अभी तक मासूम का रेश्क्यू नहीं हो सका है। बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए पूरा जिला प्रशासन जुटा हुआ है। कहा जा रहा है कि बीती रात 2 बजे से टनल के अंदर बच्चे की किसी प्रकार का मूवमेंट नजर नहीं रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि बीती रात 2 बजे बच्चे की हरकत आखिरी बार कैमरे में नजर आयी थी. उनके अनुसार जिस बोरवेल में बच्चा फंसा हुआ है, उसमें पाइप के जरिए



ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है. अधिकारी ने बताया कि बोरवेल के समानांतर कई अर्थमूवर (खुदाई में इस्तेमाल आने वाली एक मशीन) और ट्रैक्टर की मदद से खुदाई की जा रही है, ताकि एक छेद बनाया जा सके और बच्चे को बाहर निकाला जा सके.

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है. अब बोरवेल के समांतर गड्ढा खोदने के लिए अर्थमूवर्स और ट्रैक्टरों की मदद ली जा रही है. जिससे टनल बनाकर बच्चे तक पहुंचा जा सके. इसके अलावा देसी जुगाड़ से सुरंग में फदा डालने का प्रयास भी किया जा रहा है. जिससे बच्चे के हाथ में फंदा फंसाकर ऊपर खींचा जा सके.

एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल करने के लिए लोहे की रिंग नुमा रोड डालकर बोरवेल से सीधे ही बच्चे को निकालने की कोशिश कर रही है. बच्चा बोरवेल में अधिक अंदर नहीं जाए, इसके लिए नीचे अंब्रेला नुमा एक इक्विपमेंट लगाया गया है. दौसा जिले के पापडदा थाना क्षेत्र के कालीखाड गांव में सोमवार दोपहर 3:30 बजे 5 साल का आर्यन खेत में खुले बोरवेल में गिर गया था. जगदीश मीणा की पत्नी खेत में बनी टंकी पर नहा रही थी. इसी दौरान आर्यन वहां खेल रहा था.

## केंद्र सरकार का साइबर ठगी पर एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्वावधान में साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। साइबर अपराध की 9 लाख शिकायतों में समय पर एक्शन लेते हुए लोगों के 3431 करोड़ रुपये बचा लिए हैं। इसके अलावा भारत सरकार ने पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर 6.69 लाख से अधिक सिम कार्ड बंद कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं 1,32,000 आईएमईआई को भी ब्लॉक कर दिया गया है। हालांकि सरकार की सख्त कार्रवाई के बाद साइबर अपराधी, ठगी के नए नए तरीके इस्तेमाल करने लगे।14सी के तहत 9.94 लाख से अधिक शिकायतें मिली। ऑनलाइन साइबर शिकायतें दर्ज कराने में लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर `1930` चालू किया गया है।

# 3 साल 8 महीने में आंध्र प्रदेश से यूपी पहुंची ट्रेन ?

> भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे अधिक देरी से चलने वाली ट्रेन

**नई दिल्ली।**

भारत में ट्रेन का देरी से चलना यात्रा का एक आम हिस्सा है. भारत में ट्रेन अक्सर 8 या 10 घंटे तक लेट हो जाती हैं. हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक मालगाड़ी को अपने डेस्टीनेशन तक पहुंचने में तीन साल से अधिक का समय लग गया.

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2014 में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से उत्तर प्रदेश के बस्ती तक जाने वाली एक मालगाड़ी को अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचने में लगभग चार साल लग गए. इस ट्रेन को भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे अधिक देरी से चलने वाली ट्रेन माना जाता है. रिपोर्ट के मुताबिक इस ट्रेन को अपनी यात्रा पूरी करने में कुल 3 साल 8 महीने 7 दिन लगे.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 1,316 बैग डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइज लेकर एक मालगाड़ी का वैगन 10 नवंबर 2014



को अपने स्टेशन से रवाना हुआ और 25 जुलाई 2018 को उत्तर प्रदेश के बस्ती रेलवे स्टेशन पर पहुंचा.

ट्रेन के इतने लेट अपनी मंजिल तक पहुंचने से रेल अधिकारी और कर्मचारी भी हैरान रह गए. इसने देरी के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए एक यात्रा को पूरा करने में 3.5 साल से अधिक का समय लगा. आमतौर पर यह दूरी 42 घंटे और 13 मिनट में तय की जाती है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माल पाने वाले व्यक्ति बस्ती के व्यवसायी रामचंद्र गुप्ता हैं और उनके नाम पर वैगन 2014 में इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) के माध्यम से विशाखापत्तनम से बुक किया गया था. 14 लाख रुपये से अधिक मूल्य का माल लेकर ट्रेन तय समय के अनुसार विशाखापत्तनम से रवाना हुई, जिसमें यात्रा पूरी करने में सामान्य यात्रा का समय 42 घंटे का था.

हालांकि, उम्मीदों के विपरीत ट्रेन समय पर नहीं पहुंची. नवंबर 2014 में जब ट्रेन बस्ती नहीं पहुंची, तो रामचंद्र गुप्ता ने रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया और कई लिखित शिकायतें दर्ज कराईं. उनके बार-बार सूचित करने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की. बाद में पता चला कि ट्रेन रास्ते में ही लापता हो गई. रिपोर्ट में कहा गया है कि आखिरकार जुलाई 2018 में खाद लेकर ट्रेन उत्तर प्रदेश के बस्ती रेलवे स्टेशन पर पहुंची. हालांकि, इस दौरान ट्रेन कहां, कैसे या क्यों देरी से पहुंची या लापता हो गई, इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है.

### दावा पूरी तरह से गलत

इस बीच पीआईबी ने इस खबर का खंडन किया है. पीआईबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुछ न्यूज रिपोर्टों में दावा किया गया है कि एक मालगाड़ी को अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचने में तीन साल से अधिक का समय लग गया. यह दावा पूरी तरह से गलत है. भारतीय रेलवे में किसी भी मालगाड़ी को अपने डेस्टिनेशतक पहुंचने में इतना समय कभी नहीं लगा.

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

## विपक्ष के 60 सांसदों का समर्थन

**नई दिल्ली।**

संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस में कांग्रेस, टीएनसी, आप, सपा, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और आरजेडी समेत विपक्षी पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्ष का आरोप है कि राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाते हैं और विपक्ष को बोलने नहीं देते।

विपक्ष के नोटिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष हमेशा चेयर (सभापति) का अपमान करता है। वे सभापति के



अधिकारों का अनादर करते हैं। सदन में एनडीए के पास बहुमत है और हम सभी को चेयरमैन पर भरोसा है।' रिजिजू ने कहा कि कोई भी मुद्दे हों, हम सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करेंगे। सपा, टीएनसी और कांग्रेस समेत कई पार्टियों के सांसद मेरे पास आए थे। कांग्रेस राज्यसभा में चर्चा करना चाहती है, सिर्फ राहुल गांधी कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते। शायद उनका संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है।

वहीं, मंगलवार को 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में हंगामे के चलते पहले 12 बजे तक सदन स्थगित कर किया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद भी अडानी-जॉर्ज सोरोस मुद्दे पर हंगामा जारी रहा, स्पीकर ने बुधवार तक के लिए सदन स्थगित कर दिया। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी बुधवार तक स्थगित कर दी गई।

### सरकार रोज सदन स्थगित करा रही: प्रियंका गांधी


इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं। हम रोज कोशिश करते हैं, लेकिन वे (सरकार) चर्चा नहीं चाहते। रोज किसी न किसी बहाने सदन को स्थगित करा रहे हैं। इसके बाद संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसद संसद परिसर में मोदी-अडानी भाई-भाई के बैग लेकर पहुंचे। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में नारेबाजी भी की। संसद के मकर द्वार पर विपक्षी सांसदों ने सरकार से अडाणी मुद्दे पर जवाब देने की मांग की।

CMYK

# ऑनलाइन शॉपिंग करना अब पड़ सकता है महंगा

## ट्रांजैक्शन पर यूजर चार्ज लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली.** देश में अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों के दबदबे को कम करने के लिए भारत सरकार ने एक नई पहल की शुरुआत की है. इसका पूरा नाम ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स है. ये एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जहां विक्रेता बिना किसी बिचौलिए के अपना सामान सीधे ग्राहकों को




बेच सकते हैं. इसके जरिए छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाता है. हालांकि, अब इस प्लेटफॉर्म पर 250 रुपये से अधिक के ट्रांजैक्शन पर 1.20 रुपये तक की फीस देनी पड़ सकती है. इससे जमा हुए राजस्व का इस्तेमाल उद्योग की नई जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा. फेस्टिव सीजन अक्टूबर में प्लेटफॉर्म पर 14 लाख तक का लेन-देन दर्ज हुआ, जबकि इससे एक महीने पहले सितंबर में 12.9 लाख का ट्रांजैक्शन हुआ, जो इस एक महीने के दरमियान 7.6 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है. ऑनलाइन खरीद-बिक्री के लिए इस सरकारी प्लेटफॉर्म पर अब रोजाना औसत पांच लाख तक की खरीददारी हो रही है.

### 90,000 तक खाने-पीने की चीजें बिक रहीं

प्लेटफॉर्म पर हर रोज 90,000 तक खाने-पीने की चीजें बिक रही हैं, वहीं ब्यूटी और पर्सनल केयर सेगमेंट में रोजाना लगभग 10,000 रुपये तक का ट्रांजैक्शन हो रहा है. इसी तरह से फैशन और किचन सेगमेंट में रोजाना क्रमशः 40,000 और 20-30,000 का लेन-देन हो रहा है. जबकि इसके मोबिलिटी सेक्टर के ट्रांजैक्शन में गिरावट दर्ज की गई है. अप्रैल 2024 में कुल 6.7 मिलियन लेन-देन में से 3.6 मिलियन मोबिलिटी से संबंधित थे। इनमें नम्मायात्री, यात्री साथी और दिल्ली परिवहन निगम शामिल हैं।

# एयरटेल ने 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है




**मुंबई.**

इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से एआई नेटवर्क ने हर दिन लगभग एक मिलियन स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है। पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12% की कमी आई है एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6% को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2% भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है।दिलचस्प तथ्य यह है कि 35% स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है।
दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे। रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76 फीसदी स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है। 36-60 आयु वर्ग के ग्राहकों को 48 फीसदी स्पैम कॉल मिली है, जबकि 26-35 आयु वर्ग के ग्राहकों को 26 फीसदी कॉल की गई। वरिष्ठ नागरिकों के पास केवल 8 फीसदी स्पैम कॉल पहुंची है। कंपनी के विश्लेषण से स्पैम कॉल के समय का भी पता चला है। स्पैम कॉल सुबह 9 बजे से शुरू होती है और दिन चढ़ने के साथ इनकी संख्या बढ़ती जाती है। स्पैम कॉल की सबसे ज्यादा गतिविधि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच होती है। इसके अलावा, सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत में स्पैम कॉल की संख्या में बड़ा अंतर देखा गया है। रविवार को इन कॉल की संख्या लगभग 40 फीसदी तक कम हो जाती है। यह भी एक ट्रेंड देखने को मिला कि खासकर 15,000 से 20,000 रुपये की कीमत वाले उपकरणों पर करीब 22 फीसदी स्पैम कॉल आती है। भारत सरकार ने सर्विस और ट्रांजैक्शनल कॉल्स के लिए 160 से शुरू होने वाले 10-अंकों वाले नंबर आवंटित किए हैं। ग्राहक इन 160 प्रीफिक्स वाले नंबरों से कॉल्स प्राप्त कर सकते हैं, जो बैंकों, म्यूचुअल फंड्स, बीमा कंपनियों, स्टॉकब्रोकरों, अन्य वित्तीय संस्थाओं, कॉर्पोरेट्स, उद्यमों, एसएमई और बड़े और छोटे व्यवसायों के द्वारा ट्रांजैक्शनल और सर्विस कॉल्स के लिए उपयोग किए जाएंगे। इसके अलावा, जो ग्राहक "डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) सेवा का चयन न करने वाले और प्रमोशनल कॉल के लिए सब्सक्रिप्शन लेने वाले ग्राहकों को 140 प्रीफिक्स वाले दस अंकों के नंबरों से कॉल प्राप्त होती रहेंगी।

## दूध पीना भी पड़ेगा फीका

**नई दिल्ली.**

भारत- बांग्लादेश के बीच संबंधों में खटास अब बढ़ने लगी है. एक तरफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले से स्वीकृत बैंडविड्थ ट्रांजिट समझौते को रद्द कर दिया. वहीं, दूसरी ओर आलू और प्याज के आयात के लिए भारत के अलावा अन्य सोर्स पर विचार कर रहा है. अगर भारत और बांग्लादेश के बीच स्थिति इसी तरह से खराब होती रही और भारत ने बांग्लादेश को कुछ चीजों का निर्यात बंद कर दिया तो बांग्लादेश में लोगों की थाली से कई चीजें गायब हो जाएंगी अगर भारत और बांग्लादेश के बीच भविष्य में स्थिति इतनी खराब हो जाए कि दोनों देशों के बीच आयात और निर्यात बंद हो जाए तो इसका सबसे ज्यादा असर गेहूं पर पड़ेगा. दरअसल, बांग्लादेश, भारत से हर साल ढेर सारा गेहूं आयात करता है.

# इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट 13 को खुलेगा

**नई दिल्ली.**

इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड ("आईजीआई" या "कंपनी") का 4,225 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को खुलेगा। इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 2 रुपये का अंकित मूल्य) का कुल ऑफर साइज़ 42,250 मिलियन रुपये [4,225 करोड़ रुपये] तक है, जिसमें 14,750 मिलियन रुपये [1,475 करोड़ रुपये] तक का नया निर्गम और 27,500 मिलियन रुपये [2,750 करोड़ रुपये] तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है ("कुल प्रस्ताव आकार")। इश्यू का प्राइस बैंड 397 रुपये से 417 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। मूल्य बैंड में 39.7 रुपये - 41.7 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट शामिल है, जो कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों



को दी जा रही है । न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए फ़ाइनेंस उपलब्ध कराने के लिहाज से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है - प्रमोटर से आईजीआई बेल्जियम समूह और आईजीआई नीदरलैंड समूह के अधिग्रहण के लिए खरीद राशि का भुगतान अनुमानित 13,000 मिलियन रुपये और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए ("प्रस्ताव का उद्देश्य")। बिक्री के लिए प्रस्ताव में बीसीपी एशिया II टॉपको प्राइवेट लिमिटेड ("प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर") द्वारा कुल मिलाकर 27,500 मिलियन [2,750 करोड़ रुपये] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। इक्विटी शेयर कंपनी के 06 दिसंबर, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं; रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज महाराष्ट्र, मुंबई ("आरओसी") के समक्ष दायर किया गया। जब हमने दो साल पहले पहली बार कंपनी में निवेश किया था, तो हमें पता था कि सही संसाधनों और पहुंच के साथ तेहमास्प के नेतृत्व में इसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं। हम प्रबंधन टीम के साथ साझेदारी करना जारी रखेंगे और आईजीआई में भारी निवेश करते रहेंगे, जिससे इसकी बाजार अग्रणी स्थिति मजबूत होगी। आईजीआई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तहमास्प प्रिंटर ने कहा: "यह आईजीआई के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उनकी कई उपलब्धियों और प्रशंसाओं के अलावा उन्हें 'आउटस्टैंडिंग जरथुष्टी प्रोफेशनल ऑफ द ईयर - 2023' से सम्मानित किया गया। ब्लैकस्टोन के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक मुकेश मेहता ने कहा: "यह आईजीआई के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह इससे बेहतर समय पर नहीं आ सकती थी। दो साल से भी कम समय में, हमने प्रयोगशाला में उगाए गए हीरों के प्रमाणन में वैश्विक अग्रणी और अन्य क्षेत्रों में तेजी से प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के रूप में की स्थिति को मजबूत करने में मदद की है। हम सबसे बड़े शेयरधारक बने हुए हैं और विकास के अगले चरण में साझेदारी जारी रखने के लिए रोमांचित हैं। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ पठित एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुसार और सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(2) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध ऑफर का कम से कम 75 फीसदी आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों ("क्यूआईबी") ("क्यूआईबी हिस्सा") को आवंटित किया जाएगा, बशर्ते कि घरेलू म्यूचुअल फंड से एंकर निवेशक आवंटन मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। एंकर निवेशक हिस्से में कम सदस्यता या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से ("नेट क्यूआईबी हिस्सा") में जोड़ा जाएगा।

# एयर इंडिया का एविएशन सेक्टर में बढ़ेगा दबदबा



**नई दिल्ली.** टाटा समूह की ग्लोबल एयरलाइंस एयर इंडिया ने एयरबस से 100 और नए एयरक्रॉफ्ट खरीदने जा रही है. कंपनी ने इसके लिए आर्डर प्लेस कर दिया है. 100 नए एयरबस एयरक्रॉफ्ट में 10 वाइडबॉडी 350 और 90 नैरोबॉडी A320 फैमिली एयरक्रॉफ्ट जिसमें 321neo भी शामिल है. ये 100 नए एयरक्रॉफ्ट के लिए दिया गया आर्डर 470 एयरक्रॉफ्ट के लिए एयरबस और बोइंग को पिछले वर्ष दिए गए आर्डर से अलग है. साल 2023 में एयर इंडिया ने एयरबस को 250 विमानों का आर्डर दिया था जिसमें 40 और 210 A320 फैमिली एयरक्रॉफ्ट शामिल है. अब एयरबस को दिए गए कुल विमानों के आर्डर की संख्या बढ़कर 350 हो गई है. एयर इंडिया ने एयरबस को सेलेक्ट किया है जिससे 350 फ्लीट के मेनटेनेंस की जरूरतों को पूरा किया जा सके. नए मटेरियल और मेनटेनेंस क्रॉटैक्ट से एयर इंडिया को 350 एयरक्रॉफ्ट की फ्लीट की विश्वसनीयता और प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद मिलेगी जिसमें एयरबस की ओर से दिल्ली में ऑन-साइट स्टॉक सहित इंजीनियरिंग सर्विसेज और इंटीग्रेटेड कॉम्पोनेंट सर्विसेज प्रदान की जाएगी.

# इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशन का निर्गम 12 को खुलेगा

**नई दिल्ली.**

इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफर खोलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो बुधवार यानी आज 11 दिसंबर, 2024 है। बोली/ऑफ़र बंद होने की तिथि सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 है। ऑफ़र का प्राइस बैंड ₹1,265 प्रति इक्विटी शेयर से ₹ 1,329 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 11 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 11 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। ऑफ़र में इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड के ₹1 अंकित मूल्य के 18,795,510 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में शामिल हैं. आर्यमान झुनझुनवाला विवेकाधीन ट्रस्ट द्वारा 1,119,300 इक्विटी शेयर तक, आर्यवीर झुनझुनवाला विवेकाधीन ट्रस्ट द्वारा 1,119,300 इक्विटी शेयर, निष्ठा झुनझुनवाला



विवेकाधीन ट्रस्ट द्वारा 1,119,300 इक्विटी शेयर, आशरा फैमिली ट्रस्ट द्वारा 3,376,311 इक्विटी शेयर, राजेशकुमार राधेश्याम झुनझुनवाला द्वारा 26,513 इक्विटी शेयर, अधीत शरद गोगटे द्वारा 98,250 इक्विटी शेयर, अजय माधवन मदतिपरम्बिल द्वारा 139,042 इक्विटी शेयर, अजीत राजगोपाल मेनन द्वारा 72,051 इक्विटी शेयर, एलन द्वारा 104,281 इक्विटी शेयर, अंकुर चुघ द्वारा 69,521 इक्विटी शेयर, अनुराग श्यामसुंदरलाल शर्मा द्वारा 323,572 इक्विटी शेयर, अरिंद्रजीत दत्ता द्वारा 49,126 इक्विटी शेयर, अशित कालरा द्वारा 83,425 इक्विटी शेयर, बर्जिस मीनू देसाई द्वारा 676,549 इक्विटी शेयर, चार्ल्स एडवर्ड ब्राउन द्वारा 5,297 इक्विटी शेयर, क्रिस्टोफर जे स्क्लेफनी द्वारा 101,799 इक्विटी शेयर, क्लेरेंस कार्लटन किंग द्वितीय द्वारा 47,035 इक्विटी शेयर, गौरव जैन द्वारा 33,406 इक्विटी शेयर, संजीव भूपेंद्र गांधी द्वारा 47,815 इक्विटी शेयर, स्कॉट डी हेवर्थ द्वारा 652,008 इक्विटी शेयर, शेन ह्सिंग पेंग द्वारा 994,233 इक्विटी शेयर, जो कुल मिलाकर ₹मिलियन तक है, जो पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए हमारे पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल ("कर्मचारी आरक्षण हिस्सा") के 5 फीसदी से अधिक नहीं है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से को घटाने वाले ऑफर को इसके बाद "नेट ऑफर" कहा जाता है। ऑफर और नेट ऑफर हमारी कंपनी की फुली डाइल्यूटेड पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल का क्रमश होगा।

## आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए बड़ी खबर

**नई दिल्ली.** बैंक ने पहले ही ई-मेल भेजकर सूचित कर दिया है. 14 दिसंबर रात के 11:55 बजे से 15 दिसंबर सुबह 06:00 बजे तक बैंक मेंटेनेंस का काम करेगा. इसका असर बैंक की (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सर्विस) पर पड़ेगा. इस दौरान के माध्यम से पैसों का लेन-देन नहीं हो पाएगा. हालांकि, कस्टमर्स इस दौरान या इंटरनेट बैंकिंग की मदद से और के जरिए फंड ट्रांसफर कर पाएंगे. मनी ट्रांसफर करने की एक प्रक्रिया है, जिसमें एक बैंक अकाउंट से दूसरे बैंक अकाउंट में पैसे भेजे जाते हैं. ऑनलाइन मोड जैसे कि इंटरनेट बैंकिंग, किए गए पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. हालांकि बैंक की किसी भी शाखा से 2 लाख से 5 लाख तक के ट्रांजेक्शन पर के अलावा 20 रुपये चार्ज लिया जाएगा. इसके अलावा, 5 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन पर 45 रुपये + का भुगतान करना होगा.

# पीएम मोदी ने लॉन्च किया एलआईसी बीमा सखी योजना

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एलआईसी बीमा सखी योजना लॉन्च किया. इस योजना के तहत चुनी गई 10वीं पास महिलाओं को सात हजार वेतन के साथ कमीशन भी दी जाएगी. उन्हें तीन साल तक बीमा एजेंट की ट्रेनिंग भी मिलेगी. पानीपत से एलआईसी बीमा सखी योजना को लांच करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है. 18 साल से 70 साल के बीच की कोई भी महिला इस योजना के लिए आवेदन दे सकती हैं. एलआईसी की नजदीकी शाखा में या ऑफिशियल वेबसाइट पर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है. आवेदन करने से लिए एज प्रूफ, एड्रेस प्रूफ और 10वीं पास के सर्टिफिकेट की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी अटैच करनी होगी. योजना के तहत चयन हो जाने पर तीन साल की ट्रेनिंग के दौरान पहले साल सात हजार रुपये, दूसरे साल छह हजार रुपये और तीसरे साल पांच हजार रुपये हर महीने दिए जाएंगे. हर बीमा के साथ उन्हें कमीशन भी मिलेगा. बीमा का टारगेट पूरा कर लेने पर उन्हें सैलरी और कमीशन के साथ ही बोनस भी दिया जाएगा. दो लाख महिलाओं का किया जाएगा चयन, एलआईसी बीमा सखी योजना के तहत देश भर से दो लाख महिलाओं का चयन कर उन्हें एलआईसी एजेंट बनने की ट्रेनिंग दी जाएगी. योजना के पहले चरण में 35 हजार महिलाओं को बीमा एजेंट के तौर पर रोजगार दिया जाएगा. इसके बाद 50 हजार और महिलाओं को योजना के अंतर्गत रोजगार मिलेगा. जो महिलाएं यानी बीमा सखियां ग्रेजुएट होंगी, उन्हें एलआईसी में डेवलपमेंट ऑफिसर की भूमिका में काम करने का भी मौका मिलेगा. किसी एलआईसी एजेंट या कर्मचारी की रिश्तेदार इस योजना के लिए आवेदन नहीं दे सकती हैं. एलआईसी के किसी पूर्व कर्मचारी, पूर्व एजेंट या मौजूदा एजेंट के आवेदन भी इसके तहत खारिज कर दिए जाएंगे.

# भारत में महंगाई ऐतिहासिक औसत से कम

## 55 लाख करोड़ की होगी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली.**

भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है. भारत लगातार बेहतरी की तरफ अग्रसर है. ऐसे में पूर्व कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर पूरी दुनिया हमारी तरफ सकारात्मक नजरिए से देख रही है. उन्होंने बताया कि भारत का सार्वजनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी वृद्धि न केवल चर्चा का विषय है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा इसकी सराहना भी की जा रही है.
कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यम ने यह बात पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में दिया है. उन्होंने कहा "मुझे लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड के बाद काफी अच्छा



प्रदर्शन कर रही है. कोविड के बाद की अवधि में विकास दर लगातार सात प्रतिशत रही है. इस तिमाही में थोड़ी गिरावट आई है. इसके अलावा, निर्यात में भी कुछ गिरावट आई है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह गिरावट अस्थायी होगी.
55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य, सुब्रमण्यन ने अपनी किताब 100 में भारत को 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य का जिक्र किया है. इसके लिए उन्होंने दो मुख्य क्षेत्रों में सुधार की जरूरत बताई है. पहला और दूसरा माइंडसेट में बदलाव के बारे में जिक्र किया है.
उन्होंने उदाहरण दिया कि अमेरिका में अमीर होना एक सपना माना जाता है. वहीं भारत में इसे हमेशा नकारात्मक रूप से देखा जाता है. उनका कहना था, "हर नौकरी और रोजगार का स्रोत किसी न किसी तरह से पैसे कमाने से जुड़ा होता है.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
**महाराष्ट्र सह्याद्री** मासिक सोडत | सोडत क्र. 12 | सोडत दिनांक 10/12/2024

| मालिका | MS-2412 A | MS-2412 B | MS-2412 C | MS-2412 D | MS-2412 E |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 11 लाख (रु. 11 लाखाची 2 बक्षिसे) | 39878 | लॉटरी भांडार, नागपूर (प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत) | — | 30039 | — |
| प्रोत्साहनपर बक्षिस 9000/- (पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी) | 39878 | ✦ हरी श्री लॉटरी सेंटर - नालासोपारा ✦ श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई | | | |
| | 30039 | ✦ श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई | | | |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 10,000/- (रु. 10 हजाराची X 20 बक्षिसे): **5127**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0713 | 2538 | 2884 | 3655 | 4448 | 4803 | 6044 | 6659 | 8019 | 9225 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0305 | 0841 | 3328 | 3632 | 4632 | 5766 | 6710 | 8456 | 9428 | 9962 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0441 | 0957 | 1719 | 1727 | 4136 | 4361 | 5679 | 5919 | 6049 | 7726 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 0592 | 0856 | 1799 | 3157 | 3228 | 3398 | 4360 | 5730 | 6719 | 9199 |

सातवे बक्षीस रु. 150/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1122 | 1717 | 2166 | 2807 | 3725 | 4552 | 5156 | 5955 | 6657 | 7364 | 8230 | 8885 |
| | | 1156 | 1728 | 2176 | 2819 | 3757 | 4569 | 5175 | 6001 | 6731 | 7382 | 8237 | 8949 |
| | | 1167 | 1738 | 2187 | 2820 | 3811 | 4624 | 5187 | 6012 | 6743 | 7501 | 8254 | 8961 |
| 0006 | 0619 | 1170 | 1741 | 2192 | 2840 | 3852 | 4630 | 5195 | 6056 | 6762 | 7582 | 8288 | 9072 |
| 0039 | 0642 | 1213 | 1756 | 2193 | 2915 | 3885 | 4632 | 5205 | 6062 | 6793 | 7590 | 8304 | 9145 |
| 0047 | 0670 | 1223 | 1773 | 2218 | 2929 | 3902 | 4635 | 5237 | 6106 | 6795 | 7726 | 8310 | 9197 |
| 0066 | 0683 | 1271 | 1777 | 2317 | 2951 | 3932 | 4643 | 5316 | 6110 | 6800 | 7740 | 8334 | 9283 |
| 0111 | 0696 | 1305 | 1816 | 2335 | 3000 | 3945 | 4688 | 5320 | 6145 | 6812 | 7787 | 8374 | 9284 |
| 0124 | 0711 | 1308 | 1819 | 2396 | 3047 | 3978 | 4689 | 5339 | 6148 | 6821 | 7821 | 8394 | 9375 |
| 0133 | 0767 | 1314 | 1822 | 2407 | 3091 | 4024 | 4693 | 5354 | 6154 | 6837 | 7830 | 8412 | 9389 |
| 0166 | 0777 | 1326 | 1830 | 2427 | 3095 | 4039 | 4697 | 5365 | 6159 | 6852 | 7841 | 8425 | 9418 |
| 0201 | 0839 | 1328 | 1844 | 2466 | 3147 | 4045 | 4705 | 5410 | 6178 | 6885 | 7879 | 8468 | 9419 |
| 0293 | 0855 | 1405 | 1930 | 2486 | 3149 | 4072 | 4709 | 5422 | 6205 | 6930 | 7931 | 8470 | 9432 |
| 0295 | 0858 | 1444 | 1940 | 2526 | 3241 | 4117 | 4770 | 5535 | 6219 | 6951 | 7932 | 8485 | 9479 |
| 0299 | 0898 | 1445 | 1952 | 2568 | 3328 | 4160 | 4797 | 5565 | 6237 | 6985 | 7956 | 8509 | 9510 |
| 0328 | 0900 | 1448 | 1990 | 2594 | 3360 | 4167 | 4831 | 5708 | 6277 | 7019 | 7965 | 8516 | 9545 |
| 0347 | 0953 | 1472 | 1992 | 2635 | 3390 | 4196 | 4834 | 5716 | 6292 | 7034 | 7995 | 8553 | 9607 |
| 0352 | 0964 | 1493 | 2032 | 2645 | 3511 | 4202 | 4836 | 5730 | 6294 | 7046 | 8014 | 8561 | 9616 |
| 0363 | 0969 | 1500 | 2048 | 2648 | 3517 | 4259 | 4845 | 5747 | 6296 | 7058 | 8037 | 8562 | 9701 |
| 0428 | 1004 | 1518 | 2058 | 2694 | 3530 | 4286 | 4874 | 5758 | 6299 | 7070 | 8045 | 8566 | 9726 |
| 0451 | 1007 | 1524 | 2075 | 2695 | 3535 | 4296 | 4900 | 5794 | 6351 | 7071 | 8106 | 8696 | 9774 |
| 0457 | 1012 | 1531 | 2080 | 2717 | 3572 | 4332 | 4907 | 5853 | 6354 | 7138 | 8114 | 8700 | 9796 |
| 0491 | 1017 | 1545 | 2090 | 2731 | 3612 | 4381 | 4908 | 5854 | 6411 | 7205 | 8124 | 8703 | 9820 |
| 0495 | 1021 | 1556 | 2091 | 2748 | 3634 | 4391 | 5047 | 5857 | 6437 | 7215 | 8127 | 8716 | 9848 |
| 0514 | 1070 | 1557 | 2093 | 2755 | 3636 | 4441 | 5053 | 5868 | 6453 | 7232 | 8136 | 8741 | 9855 |
| 0531 | 1073 | 1564 | 2097 | 2762 | 3663 | 4458 | 5078 | 5902 | 6487 | 7241 | 8168 | 8791 | 9862 |
| 0533 | 1077 | 1603 | 2114 | 2785 | 3669 | 4468 | 5099 | 5904 | 6531 | 7302 | 8169 | 8824 | 9881 |
| 0583 | 1104 | 1621 | 2123 | 2794 | 3674 | 4506 | 5102 | 5941 | 6559 | 7355 | 8175 | 8850 | 9903 |
| 0600 | 1115 | 1684 | 2155 | 2803 | 3696 | 4535 | 5137 | 5943 | 6578 | 7363 | 8176 | 8868 | 9976 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत | सोडत दिनांक 10/12/2024 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
**महाराष्ट्र पद्मीनी** विकली लॉटरी | सोडत दर मंगळवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 50 | सोडत दिनांक 10/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख: **PM-06 : 6436**

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- (पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी): **6436** — लॉटरी भांडार - नागपूर; ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे; रुखमणी एन्टरप्रायझेस - औरंगाबाद

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1068 | 1111 | 1715 | 1809 | 3386 | 6662 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1135 | 1490 | 3347 | 4884 | 6181 | 6425 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1769 | 1972 | 2048 | 4251 | 6384 | 6603 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1841 | 3641 | 4140 | 4514 | 5691 | 6107 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1793 | 2272 | 2766 | 3305 | 3772 | 4124 | 4590 | 4906 | 5306 | 5777 | 6195 | 6640 |
| | | 1814 | 2282 | 2786 | 3312 | 3773 | 4147 | 4597 | 4907 | 5380 | 5778 | 6197 | 6642 |
| 1000 | 1271 | 1821 | 2285 | 2801 | 3321 | 3777 | 4168 | 4600 | 4933 | 5382 | 5798 | 6220 | 6643 |
| 1011 | 1282 | 1855 | 2297 | 2823 | 3336 | 3783 | 4210 | 4605 | 4934 | 5384 | 5804 | 6254 | 6646 |
| 1022 | 1337 | 1879 | 2324 | 2827 | 3337 | 3795 | 4272 | 4607 | 4936 | 5397 | 5825 | 6259 | 6654 |
| 1031 | 1340 | 1891 | 2332 | 2836 | 3343 | 3800 | 4284 | 4611 | 4994 | 5399 | 5829 | 6261 | 6660 |
| 1057 | 1344 | 1901 | 2334 | 2859 | 3345 | 3803 | 4286 | 4616 | 4998 | 5405 | 5852 | 6273 | 6662 |
| 1062 | 1354 | 1917 | 2382 | 2860 | 3351 | 3808 | 4314 | 4622 | 5009 | 5410 | 5856 | 6276 | 6665 |
| 1084 | 1383 | 1930 | 2405 | 2870 | 3352 | 3813 | 4323 | 4634 | 5029 | 5441 | 5869 | 6279 | 6667 |
| 1090 | 1396 | 1943 | 2408 | 2872 | 3372 | 3830 | 4331 | 4648 | 5047 | 5472 | 5871 | 6296 | 6672 |
| 1098 | 1401 | 1968 | 2424 | 2926 | 3373 | 3832 | 4372 | 4686 | 5050 | 5490 | 5887 | 6320 | 6673 |
| 1102 | 1402 | 1991 | 2426 | 2931 | 3374 | 3835 | 4374 | 4695 | 5055 | 5492 | 5895 | 6327 | 6674 |
| 1111 | 1406 | 2002 | 2429 | 2934 | 3379 | 3838 | 4401 | 4702 | 5058 | 5506 | 5901 | 6358 | 6676 |
| 1114 | 1410 | 2016 | 2438 | 2946 | 3398 | 3839 | 4404 | 4704 | 5059 | 5515 | 5911 | 6359 | 6680 |
| 1121 | 1416 | 2024 | 2442 | 2967 | 3407 | 3857 | 4408 | 4737 | 5068 | 5517 | 5921 | 6361 | 6681 |
| 1122 | 1455 | 2025 | 2443 | 3003 | 3433 | 3863 | 4409 | 4740 | 5077 | 5525 | 5930 | 6389 | 6684 |
| 1132 | 1494 | 2027 | 2487 | 3018 | 3438 | 3890 | 4410 | 4741 | 5092 | 5538 | 5953 | 6395 | 6695 |
| 1140 | 1498 | 2029 | 2520 | 3026 | 3473 | 3903 | 4425 | 4752 | 5095 | 5540 | 5954 | 6406 | 6696 |
| 1143 | 1506 | 2072 | 2525 | 3034 | 3487 | 3917 | 4427 | 4756 | 5105 | 5547 | 5960 | 6417 | 6702 |
| 1156 | 1511 | 2093 | 2557 | 3048 | 3493 | 3921 | 4434 | 4759 | 5135 | 5549 | 5962 | 6419 | 6747 |
| 1163 | 1519 | 2123 | 2560 | 3050 | 3504 | 3934 | 4437 | 4765 | 5140 | 5554 | 5966 | 6446 | 6766 |
| 1166 | 1561 | 2133 | 2565 | 3073 | 3514 | 3937 | 4438 | 4767 | 5144 | 5563 | 5971 | 6460 | 6797 |
| 1172 | 1573 | 2159 | 2587 | 3105 | 3520 | 3939 | 4440 | 4787 | 5146 | 5567 | 5983 | 6469 | 6808 |
| 1176 | 1575 | 2172 | 2645 | 3132 | 3553 | 3957 | 4441 | 4794 | 5150 | 5576 | 5995 | 6476 | 6821 |
| 1183 | 1578 | 2205 | 2664 | 3133 | 3580 | 3962 | 4449 | 4797 | 5155 | 5581 | 6004 | 6478 | 6838 |
| 1184 | 1589 | 2220 | 2680 | 3143 | 3628 | 3974 | 4467 | 4806 | 5175 | 5585 | 6049 | 6488 | 6847 |
| 1186 | 1601 | 2222 | 2681 | 3196 | 3632 | 3977 | 4474 | 4815 | 5188 | 5595 | 6066 | 6504 | 6859 |
| 1187 | 1616 | 2225 | 2695 | 3197 | 3635 | 3984 | 4477 | 4834 | 5192 | 5655 | 6068 | 6505 | 6869 |
| 1193 | 1680 | 2238 | 2702 | 3198 | 3652 | 4000 | 4480 | 4838 | 5206 | 5656 | 6090 | 6536 | 6876 |
| 1197 | 1681 | 2242 | 2710 | 3215 | 3653 | 4045 | 4483 | 4846 | 5212 | 5661 | 6127 | 6588 | 6895 |
| 1207 | 1707 | 2251 | 2722 | 3223 | 3679 | 4076 | 4488 | 4852 | 5227 | 5662 | 6168 | 6600 | 6907 |
| 1212 | 1710 | 2253 | 2723 | 3231 | 3682 | 4078 | 4489 | 4857 | 5233 | 5675 | 6169 | 6602 | 6911 |
| 1214 | 1711 | 2254 | 2729 | 3243 | 3710 | 4080 | 4491 | 4858 | 5259 | 5723 | 6177 | 6616 | 6928 |
| 1222 | 1728 | 2255 | 2742 | 3260 | 3731 | 4094 | 4510 | 4860 | 5279 | 5755 | 6185 | 6617 | 6978 |
| 1234 | 1748 | 2258 | 2744 | 3263 | 3732 | 4113 | 4540 | 4889 | 5285 | 5759 | 6186 | 6619 | 6986 |
| 1246 | 1779 | 2271 | 2750 | 3297 | 3736 | 4116 | 4560 | 4894 | 5293 | 5763 | 6190 | 6638 | 6996 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी | नाताळ विशेष मासिक सोडत | तिकिट किंमत रु.100/- | सोडत दिनांक 14-12-2024
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस | दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
पद्मीनी | सोडत दिनांक 10/12/2024 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

# लाड़ली बहिन योजना से वंचित होंगी 1 लाख महिलाएं

## > बारीकी से जांच करेगा महिला और बाल विकास विभाग



**मुंबई.**

राज्य सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडली बहिन योजना के लाभार्थियों के आवेदनों की जांच महिला और बाल विकास विभाग द्वारा शुरू की गई है। नासिक विभाग के 5 जिलों में कुल 48.3 लाख लाभार्थी हैं, और मानदंडों के आधार पर इनमें से एक से दो प्रतिशत महिलाओं को इस योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है।

महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत नासिक विभाग में लगभग 48 लाख लाभार्थी हैं।

इनमें नासिक में 15.8 लाख, अहिल्यानगर में 12.4 लाख, जलगांव में 10.4 लाख, धुलिया में 5.4 लाख और नंदुरबार में 4.3 लाख लाभार्थी शामिल हैं। महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने लगभग एक प्रतिशत महिलाओं के आवेदनों की जांच शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया तहसील स्तर से लेकर राज्य स्तर तक सभी जगहों पर शुरू की गई है। यह एक नियमित प्रक्रिया है, और किसी भी सरकारी योजना के लाभार्थियों में से लगभग तीन प्रतिशत आवेदन झूठे, त्रुटिपूर्ण या मानवीय गलतियों के कारण त्रुटियुक्त होने की संभावना है। यह पता चला है कि यदि एक परिवार में दो से अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया है.

यदि परिवार के सदस्यों की वार्षिक आर्थिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक है, या यदि परिवार के पास चार पहियों वाला वाहन है, तो ऐसी लाभार्थी महिलाओं को लाभ देने पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

### सभी दस्तावेजों का मेल खाना जरूरी

इसके अलावा यदि आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर की जांच में असंगति पाई जाती है, हस्ताक्षर नहीं होते हैं, आवेदन में दिए गए आधार नंबर और जमा की गई फोटोकॉपी मेल नहीं खाते हैं, या उच्चभ्रू इलाके में रहने वाली लाभार्थी की जांच-पड़ताल शुरू की जा सकती है। किसान सम्मान निधि के पहले हिस्से के तहत राज्य के एक करोड़ दस लाख किसानों को लाभ दिया गया था, लेकिन जांच के बाद यह संख्या 96 लाख पर आ गई। अब लाडली बहिन योजना में भी लगभग एक से दो प्रतिशत आवेदनों में त्रुटि होने की संभावना है।

# एक और गांव में ईवीएम का बहिष्कार

## चुनावों में मतपत्रों के प्रयोग का प्रस्ताव पारित

**पुणे.** राज्य में ईवीएम को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। मालशिसर विधानसभा क्षेत्र के मरकडवाड़ी गांव में ईवीएम पर संदेह को लेकर मतपत्र से मॉक पोल करने के प्रयास के बाद एक और गांव में ईवीएम को लेकर बड़ा कदम उठाया है। ग्राम सभा में इसके खिलाफ एक प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को सकते में डाल दिया है। महाराष्ट्र के सतारा जिले में कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में होने वाले चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने का प्रस्ताव पारित किया है। महाराष्ट्र में कोलेवाड़ी ईवीएम के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला दूसरा गांव बन गया है। कोलेवाड़ी गांव कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका प्रतिनिधित्व पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण करते थे।

नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र से पृथ्वीराज चव्हाण को भारतीय



जनता पार्टी के उम्मीदवार अतुल भोसले से 39,355 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। कोलेवाड़ी के लोगों द्वारा ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोटों पर संदेह व्यक्त करने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया है।कोलेवाड़ी गांव के एक व्यक्ति ने मंगलवार को बताया कि “कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा है कि भविष्य में चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से कराए जाने चाहिए।” उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को लोगों की इस सामूहिक मांग को देखते हुए मतपत्र प्रणाली पर वापस लौटना चाहिए। गांव के लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन मतपत्र के जरिये मतदान की अनुमति नहीं देता है तो हम मतदान का बहिष्कार करेंगे। सतारा के जिला कलेक्टर जितेंद्र दूदी ने कहा कि उनके कार्यालय को ग्राम पंचायत से कथित प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि हमें प्रस्ताव नहीं मिला है इसलिए इस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा। जैसे ही हमे प्रस्ताव मिलेगा हम इसे लेकर आवश्यक कदम उठाएंगे।

**मरकटवाड़ी में मॉक पोल की कोशिश**

कुछ दिन पहले सोलापुर के मालशिरस विधानसभा क्षेत्र के मरकडवाड़ी गांव के लोगों के एक वर्ग ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह जताया था और मतपत्रों का उपयोग करके ‘मॉक’ पुनर्मतदान कराने की कोशिश की भी की थी। प्रशासन और पुलिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप मामले दर्ज किए गए।

# हाईकोर्ट ने दी 14 आरोपियों को जमानत

**मुंबई.** इस साल जनवरी में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन मुंबई में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में बंबई उच्च न्यायालय ने गिरफ्तार 14 आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और अब आरोपियों को जेल में रखना गलत होगा। बंबई उच्च न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक की पूर्व संध्या पर मीरा रोड में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किए गए मुस्लिम समुदाय के 14 व्यक्तियों को जमानत देते हुए कहा कि उन्हें आगे हिरासत में रखना महत्वहीन प्रतीत होता है।

इस मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को न्यायमूर्ति एन. जे. जामदार की एकल पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि इस वर्ष जनवरी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर हमला करने की पूर्व नियोजित साजिश थी।

# महिला के साथ डांस शो के नाम पर धोखाधड़ी

**मुंबई.** मुंब्रा से एक महिला डांसर के साथ दुबई में डांस शो के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है. जहां महिला को दुबई में 6 दिनों तक बंद अंधेरे कमरे में बंधक बनाकर रखा गया था. फिलहाल पुलिस ने उसे वहां से बचा लिया है. जानकारी मुताबिक पीड़ित महिला को भेजने वाली महिला एजेंट को भी नहीं पता था कि उसे धोखा दिया जा रहा है. पूरे मामले को लेकर पुलिस रैकेट की अनेक एंगल से भी जांच कर रही है. महिला मुंबई से सटे ठाणे शहर की रहने वाली है.

# फडणवीस से मिले गौतम अडानी

**मुंबई.** देश के मशहूर उद्योगपति और अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात फडणवीस के दक्षिण मुंबई स्थित ‘सागर’ बंगले में हुई। एक सूत्र ने बताया कि अदाणी की ओर से यह शिष्टाचार भेंट थी। वह फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे, इसलिए आज उनसे मिलने अधिकारिक आवास पहुंचे थे।

देवेंद्र फडणवीस ने 5, दिसंबर को दक्षिण मुंबई के विशाल आजाद मैदान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद का शपथ लिए थे।



इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा महायुति गठबंधन के हजारों समर्थक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर और माधुरी दीक्षित, क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और उद्योगपति मुकेश अंबानी भी शामिल हुए थे।

इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच उद्योग और रोजगार के मुद्दे पर चर्चा हुई। वर्तमान समय में महाराष्ट्र में कई परियोजनाओं की प्लानिंग चल रही है। नवी मुंबई में निर्माणाधीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट की जिम्मेदारी भी अडाणी ग्रुप के पास है। यह हवाई अड्डा अगले कुछ महीनों में यात्री यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके अलावा, मुंबई की बहुचर्चित धारावी पुनर्विकास योजना भी अडाणी समूह के पास ही है। हालांकि दोनों के बीच क्या बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस एक्शन मोड में हैं। उन्होंने सभी विभागों को 100 दिनों का रोडमैप तैयार करने का आदेश दिया है।

# राज ठाकरे ने की वक्फ बिल पास करने की मांग

## > विपक्षी दलों को जमकर कोसा

**मुंबई.**

लातूर के एक गांव में 103 किसानों की जमीन पर वक्फ बोर्ड ने अपना दावा कर दिया है. इस पर राजनीति तेज हो गई है जबकि मनसे चीफ राज ठाकरे ने लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखकर ना केवल इस मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट किया है बल्कि पीएमन नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह जल्द से जल्द वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराएं. इस विधेयक का विरोध करने वाली पार्टियों को भी उन्होंने जमकर खरी-खोटी सुनाई है.

राज ठाकरे ने ट्वीट किया, `` लातूर जिले के अहमदपुर तालुका के तालेगांव गांव से खबर चौंकाने वाली है. गांव की कुल कृषि भूमि में से लगभग 75% कृषि भूमि पर वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया है... जिससे 103 किसानों की आजीविका खतरे में पड़ गई है. भले ही राज्य सरकार ने कहा हो कि हम किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है. सवाल इस जमीन का नहीं है, वक्फ बोर्ड के उस आतंक पर कैसे लगाम लगाएगा जो मनमाने प्रबंधन से कई वर्षों से लोगों पर ढाया जा रहा है?'' वक्फ बिल का जिक्र कर बोले राज ठाकरे, ``कुछ महीने पहले,



केंद्र सरकार ने संसद में वक्फ अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव वाला एक विधेयक पेश किया और मुस्लिम-बहुल विपक्षी दलों ने संसद में भ्रम पैदा कर दिया और इसलिए विधेयक को पुनर्विचार के लिए संसदीय समिति के पास भेजा गया. कहने की जरूरत नहीं है कि महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों का रुख इस संशोधित विधेयक के विरोध में था.'' इसके बाद राज ठाकरे ने वक्फ संशोधन विधेयक की बारीकियां भी पोस्ट में साझा कीं और साथ ही कहा कि इसके प्रावधानों में कुछ भी गलत नहीं है.

**CHANGE OF NAME**

I Hemant Govardhandas Mundhada, hereby declare that my name has erroneously been recorded in some records as Hemant Gowardhan Mundhra, While my correct Name is HEMANT GOVARDHANDAS MUNDHADA as per my Aadhar etc. Henceforth, I will be known with new name as HEMANT GOVARDHANDAS MUNDHADA in all future purpose.

**Hemant Govardhandas Mundhada**

**कार्यालय, नगर परिषद कन्हान-पिपरी**
**तह. पारशिवनी, जिल्हा - नागपूर**
Ph.: 07102-299904
Email:kanhanpiprinagarparishad@gmail.com

जाक्र नपकपि/2335/2024 दि. 10/12/2024

**पाणी पुरवठा व आरोग्य विभाग**

**निविदा सूचना (मुदतवाढ)**

मुख्याधिकारी नगर परिषद कन्हान पिपरी तह. पारशिवनी जी, नागपूर यांचेकडून पाणी पुरवठा व आरोग्य विभाग अंतर्गत दिनांक १०/१२/२०१४ रोजी बोलविण्यात आलेल्या निविदेस दिनांक १६/१२/२०२४ पर्यंत मुदतवाढ देण्यात येत आहे.

स्वा./-
मुख्याधिकारी
नगर परिषद कन्हान पिपरी

**जाहीर सूचना**

आम जनतेस सूचित करण्यात येते कि, माझे पक्षकार **हेमलता दिलीप नामपल्लीवार,** रा. प्लॉट नं. ११०, हावरा पेठ, गणेश मारोती मंदिर जवळ, पार्वती नगर, स.आ. नागपूर महाराष्ट्र-४४००२७ यांचे पती **श्री दिलीप दशरथ नामपल्लीवार** यांचा **मृत्यु दिनांक १२/०९/२०१८** रोजी झाला आहे. त्यांच्या नावावर असलेले वाहन खालील प्रमाणे.

**Two Wheeler-ACTIVA**
**Reg. No.: MH31DW5411**
**CH. No.: ME4JC44LB8601325**
**Eng. No.: JC44E1712303**
**Reg. Date: 18/11/2011**

उपरोक्त वाहन आता माझे पक्षकार यांच्या नावे हस्तांतरण करण्याबाबत माझे पक्षकार यांनी प्रादेशीक परिवहन अधिकारी नागपूर शहर MH-31 येथे अर्ज सादर करीत आहे. तरीही कोणालाही कोणत्याही प्रकारचा आक्षेप, उजर, गहाण, बक्षिस, हस्तांतरण इ. असल्यास ही जाहीर सूचना प्रकाशित झालेल्या तारखेपासून **सात दिवसाच्या आत** त्यांनी प्रादेशीक परिवहन अधिकारी नागपूर शहर MH-31 येथे किंवा खालील पत्यावर योग्य त्या पुराव्यासह भेटावे अन्यथा उपरोक्त वाहन माझे पक्षकार यांच्या नावे हस्तांतरीत करण्यात येईल. याची कृपया नोंद घ्यावी. नागपूर, दि. ११.१२.२०२४

**ॲड. अवधुत आर. मानवटकर**
प्लॉट नं. ३०, सावित्रीबाई फुले मार्ग, गल्ली नं. ५, न्यु कैलाश नगर, नागपूर- २७.
मो.नं. ९४०३८००९२४, ७५०७७४५४४१

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 8230 Dt. 06/12/24
**IN THE COURT OF 5th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 417**
**M.J.C. Case No. 1100/2024**
**Fixed For 15/01/2025**

**Applicant : 1) Deepa Raju Podwal,** R/o. Borgaon Gorewada Road, Plot No. A/4, Barde layout, Gorewada Road, Nagpur, **2) Rajesh Govindan Nayar,** R/o. Permanent Add. Near Diwedi Colony, Qtr. No. 1/02, Borgaon, Gorewada Road, Nagpur, **3) Narayanee Govindan Nayar,** R/o. Near Diwedi Colony, Qtr. No. 1/02, Borgaon, Gorewada Road, Nagpur. **--Versus--**

**Non-Applicants:** Nil

**Name of Deceased : 1) Govindan Kunabu Nayar, Died On: 29/08/2024,** R/o. Near Diwedi Colony, Qtr. No. 1/02, Borgaon, Gorewada Road, Nagpur.

Whereas **Govindan Kunabu Nayar, Died On: 29/08/2024,** R/o. Near Diwedi Colony, Qtr. No. 1/02, Borgaon, Gorewada Road, Nagpur. and Whereas **Deepa Raju Podwal & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Deepa Raju Podwal & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **5th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **15th Day of Jan., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **4th day of December, 2024.**

Seal **By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक नागपूर अंतर्गत भुसंपादन सरळ खरेदी पूर्व जाहिर नोटीस**

**मौजा-बोरीनाईक, तालुका-कुही, जिला-नागपूर**

**क्र./अ.का/उजि. भूसं.२/कावि ३३०/२०२२ भुसंपादन-२ (वि.पा.वि.म.) जिल्हाधिकारी कार्यालय मागपूर दि.०६/१२/२०२२.**

शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-०३/२०१५/प्र.क्र. ३४/अ-२ दिनांक १२.०५.२०१५ अन्वये जिल्हाधिकारी कार्यालय, नागपूर यांच्या अखत्यारीतील मौजा-चोरीनाईक, तालुका-बुढी, जिल्हा-नागपूर या गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक नागपूरअंतर्गत गोसीखुर्द प्रकल्पाच्या पाणीसाठाकरीता खाजगी जमीन खाजगी वाटाघाटीव्दारे बेट खरेदीने लागणाऱ्या जमिनीच्या भूसंपादनाची मंजुरी प्राप्त.

खालील अनुसूचीतील, सर्व लोकांना या जाहिर नोटीसीद्वारे कळविण्यात येते की, मौजा बोरीनाईक, तालुका-कुही, जिल्हा-नागपूर येथील खाजगी जमीन गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक नागपूरअंतर्गत गोसीखुर्द प्रकल्पाच्या पाणीसाठाकरीता लागणाऱ्या जमिनीच्या भूसंपादनाचे कामासाठी खालील अनुसूची मध्ये दर्शविल्याप्रमाणे जमीनधारकांची जमीन कार्यकारी अभियंता, गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक, नागपूर जिल्हा नागपूर यांना थेट खरेदी करावयाची आहे. ममिसंपादन, पुनर्वसन व पुनर्वसाहत करताना उचित भरपाई मिळण्याचा आणि पारदर्शकतेचा हक्क अधिनियम, २०१३ चे कलम २६ ते ३० चे मार्गदर्शक तत्त्वे, महाराष्ट्र शासन महसूल व वन विभाग, शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-०३/२०१५/प्र.क्र. ३४/२-अ दिनांक १२/०५/२०१५ मार्गदर्शक तत्वे व महाराष्ट्र शासन, निर्णय क्रमांक एलक्यूएन-०२/२०१७/प्र.क्र. १२/अ-२ दिनांक २५/०१/२०१७ अन्वये खाजगी क्षेत्रातील खाजगी वाटाघाटीद्वारे / थेट खरेदी पध्दतीने सार्वजनिक प्रयोजनासाठी संपादन / खरेदी करण्याचे प्रस्तावित आहे. प्रकल्पासाठी जमीन थेट खरेदी करतांना जिल्हास्तरीय समितीमार्फत भूमिसंपादन, पुनर्वसन व पुनर्वसाहत करताना उचित भरपाई मिळण्याचा आणि पारदर्शकतेचा हक्क अधिनियम, २०१३ मधील कलम २६ ते ३० व शेडयुल-१ तसेच महसूल व वनविभाग शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-०३/२०१५/प्र.क्र. ३४/२- अ दिनांक १२/०५/२०१५ च्या तरतुदीनुसार संबंधित जमिनीसाठी परिगणीत होणाऱ्या एकुण मोबदल्याच्या रक्कमेवर २५% रक्कम बाढीव देऊन मोबदला निक्षित करण्यात येईल.

खालील अनुसूचीमध्ये संबंधित जमीन मालकाचे नांव, गट क्रमांक व संपादन करावयाचे इ. तपशिल दिलेला आहे. सदर जमिनीबाबत विक्री, पटटा, गहाण, अभिहरतांकन विनिमय, विल्हेवाटीसंबंधी संविदा, हिस्यावर हक्क, हितसंबंध, दत्तकपुत्र, वारसाहक्क, दान, बोजा, बाक्षी लिज, कर्ज, बक्षीसपत्र, न्यायालयीन वाद, जप्ती करारमामा वा इतर असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून १५ दिवसाचे आंत पुराव्यानिशी लेखी अर्ज स्वता / हितसंबंधीत व्याक्तीने अथवा रजिस्टर पोष्टाने उपजिल्हाधिकारी (मूसंपादन क्र. २) वि.पा.वि.म. पहिला माळा, जिल्हाधिकारी कार्यालय, नागपूर- ४४०००१ यांचेकडे कळवावे. तसेच नमुद केलेल्या सर्व कागदपत्रांसह समक्ष येऊन भेटावे व आपले असलेले मालकीची / हितसंबंधाची खात्री करुन घ्यावी. तसे न केल्यास कुणाचे काहीही म्हणने अगर हरकत नाही असे समजून तसेच सदरील मिळकतीवर कोणाचा काहीही व कोणत्याही प्रकारे हितसंबंध / उजर या आक्षेप नाही असे समजून सदर जमिनीच्या मिळकतीचा थेट खरेदीद्वारे व्यबहार पूर्ण केला जाईल व त्यानंतर येणाऱ्या हरकती आमचेवर बंधनकारक राहणार नाही याची नोंद घ्यावी. विहीत मुदतीत कोणतीही हरकत न आल्यास खालील अनुसूचीतील स्तंभ ३ घ्या सर्वे क्रमांकाच्या स्तंम २ मधील जमीन मालकाची मालकी हक्क असल्याचे समजून कार्यकारी अभियंता, गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक, नागपूर जिल्हा नागपूर यांचे वतीने मुदतीत केव्हाही थेट खरेदीचा व्यवहार पूर्ण करेल. दिलेल्या मुदतीनंतर कोणाचीही हरकत आल्यास ते या कार्यालयास कायदेशीररित्या बंधनकारक राहणार नाही, याची नोंद घ्यावी.

**अनुसूची**
**मौजा-बोरीनाईक, तालुका-कुही, जिल्हा-नागपूर**

| अ. क्र | भूधारकचे नाव | गट / सर्वे क्रमांक | भूधारणा पद्धती | गा.नं ७/१२ प्रमाणे एकून क्षेत्र (हे. आर) | खरेदी करावयाचे संयुक्त मोजणी प्रमाणे क्षेत्रफळ (हे. आर) |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
| १ | वृतिका जयवंता नाईक व इतर | १२/१/१ | १ | ७.७७ | ०.४४ |
| २ | पांडुरंग ऋषी बारई | १२/३/अ | १ | १.०८ | ०.३० |
| ३ | विठोबा गोविंदा कांबळे | २४/१/अ | १ | १.१२ | ०.३५ |
| ४ | संगीता दशरथ भोयर | ३२/१/१/अ | १ | ०.२१ | ०.२१ |
| ५ | सुशीला गुलाब भोयर, देवांगना गुलाब भोयर, भालेश्वर गुलाब भोयर, शंकर गुलाब भोयर | ३३/१/१/अ | १ | १.७३ | ०.१९ |
| ६ | मधुकर नारायण भोयर | ३३/२/१/अ | १ | १.२१ | ०.१४ |
| ७ | सुनिता परमेश्वर घुघुसकर व इतर | ३४/२/१/अ | १ | ०.४१ | ०.०४ |
| ८ | जसाराम लटारू बोंदरे | ३९/१/अ | १ | ०.४० | ०.४० |
| ९ | एकनाथ गोपीचंद बांगडकर व इतर | ४०/१/अ | १ | ०.३२ | ०.३२ |
| १० | ईश्वर आत्माराम चकोले व इतर | ७३/१ | १ | ०.६२ | ०.०३ |
| ११ | ईश्वर आत्माराम चकोले | ७५/२/१/अ | १ | ०.७२ | ०.१८ |
| १२ | मोतीराम लटारू बोंद्रे | २९०/१/३/१ | १ | ०.८२ | ०.०३ |
| १३ | जसाराम लटारू बोंद्रे | २९०/१/ब/१ | १ | ०.७४ | ०.०५ |
| १४ | जसाराम लटारू बोंद्रे व इतर | २९०/२/अ | १ | ३.२० | ०.१० |
| १५ | अमृत गोविंदा लांबट व इतर | २९९/१ | १ | ०.५७ | ०.०२ |
| १६ | धनराज कुसन थोटे व इतर | १०७/१ | १ | ०.१९ | ०.१९ |
| १७ | नत्थू गणपत थोटे व इत्तर | १०९/१ | १ | ०.१५ | ०.१५ |
| १८ | कुसुम महागू थोटे | ११० | - | ०.६२ | ०.१८ |
| १९ | प्रमोद कुसन थोटे | ११३ | - | ०.७४ | ०.०६ |
| २० | ईश्वर शंकर तुळसकर | १३३ | - | १.५७ | ०.०९ |
| २१ | उत्तम पांडुरंग तुळस्कार व इतर | १०४/१ | १ | ३.५८ | ०.१७ |
| २२ | महेंद्र वासुदेव तुळसकर | ५२ | - | ०.७६ | ०.११ |
| २३ | महादेव संपत निरगुळकर व इतर | २५ | - | १.०८ | ०.११ |
| २४ | रंजना सुरेश पारधी, प्रभावती पुरुषोत्तम डांगरे | ४४/१ | १ | ०.३२ | ०.३२ |
| २५ | मिताराम आसाराम लांबट | ४५/१/अ/१ | १ | १.२५ | १.२५ |
| २६ | शीलाबाई विनायक थोटे | ४५/४/१ | १ | ०.७७ | ०.७७ |
| २७ | विलास निताराम लांबट | ४५/१/ब/१ | १ | १.१० | १.१० |
| २८ | केवल दामाजी वैद्य | ६४ | - | १.७६ | १.७६ |
| २९ | अ.पा.क. आई कमल मिताराम तुळसकर व इतर | ८७/१/अ | १ | ०.९२ | ०.१० |
| ३० | नत्थू दयाराम चकोले | ८७/२/अ | १ | १.८८ | ०.०६ |
| ३१ | निताराम नत्थू तुळसकर | ८७/४/अ | १ | ०.९३ | ०.०८ |
| ३२ | यशोधाबाई काशीराम पडोळे व इतर | २००/१ | १ | ०.३७ | ०.३७ |
| | | | | एकूण | ९.६७ |

**अर्ज घेण्याची मुदतः** नोटीस प्रसिध्दीच्या दिनांकापासून १५ दिवस, नागपूर
अर्ज सादर करावयाचे ठिकाणः उपजिल्हाधिकारी (भूसंपादन क्र. २) विपाविम, पहिला माळा जिल्हाधिकारी कार्यालय नागपूर-४४०००१.

नागपूर
दिनांक :-

स्वा./-
उपविभागीय अभिकारी (ता. शा.६)
गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक, नागपूर

स्वा./-
कार्यकारी अभियंता
गोसीखुर्द पुनर्वसन विभागीय पथक, नागपूर

स्वा./-
उपजिल्हाधिकारी (भूसंपादन क्र.२) विदर्भ पाटबंधारे विकास महामंडळ नागपूर

क्र. जिमाका - नाग/जाहिरात / 295 /2024

## सुविचार

जब कोई दोष छिपाया जाता है तो वह बड़ा हो जाता है, और स्वीकार करें तो वह गायब हो जाता है. बराबर ना..

## संपादकीय

# भारत बेफिक्र नहीं

सीरिया में रविवार को जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरुआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं। चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा।


अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है। सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है।

विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया।

# धनखड़ के खिलाफ मुहिम इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस का टेस्ट

**मृगांक शेखर**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल तो कांग्रेस की तरफ से ही हुई है, लेकिन अब तक पूरा इंडिया ब्लॉक साथ खड़ा लग रहा था - हालांकि, ये ममता बनर्जी के सपोर्ट में लालू यादव का बयान आने से पहले की बात है. विपक्ष की तरफ से राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने की बात मॉनसून सत्र में भी सुनने को मिला था, लेकिन बात आई-गई हो गई - और इस बार भी विपक्ष उतना ही गंभीर लग रहा है. असलियत और इरादा जो भी हो, लेकिन खास बात ये है कि सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 70 सांसदों ने हस्ताक्षर भी कर दिए हैं.

राज्यसभा के सभापति को हटाने के लिए प्रस्ताव पर 50 सदस्यों के हस्ताक्षर की जरूरत होती है, लेकिन अब तक 70 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं. अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 14 दिन पहले नोटिस दिया जाना भी जरूरी होता है, और शीतकालीन सत्र तो 20 दिसंबर तक ही चलना है. सभापति देश के उपराष्ट्रपति ही होते हैं, जो भारत का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है. ऐसे में ये प्रस्ताव लोकसभा से भी पारित होना जरूरी होगा.

ये प्रस्ताव ऐसे दौर में लाने की कोशिश हो रही है, जब इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व को लेकर जोरदार जंग छिड़ी हुई है. बात काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि ममता बनर्जी की दावेदारी को आरजेडी नेता लालू यादव का भी सपोर्ट मिल गया है. मालूम हुआ है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ इस मुहिम में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी भी शामिल हैं. अब तक टीएमसी और समाजवादी पार्टी के सांसदों को इंडिया ब्लॉक के विरोध प्रदर्शनों से दूरी बनाते देखा जा रहा था, लेकिन प्रस्ताव पर दस्तखत करने वालों में दोनो दलों के सांसद भी शुमार बताये जाते हैं. राज्यसभा में बीजेपी सांसदों की तरफ से जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाये जाने पर कांग्रेस के सदस्यों ने खूब हंगामा किया था. कांग्रेस की तरफ से दिग्विजय सिंह से लेकर राजीव शुक्ला तक, सभी का एक ही सवाल था कि किस नियम के तहत सभापति ने चर्चा शुरू की है. कांग्रेस सांसदों ने सभापति जगदीप धनखड़ पर पक्षपात का आरोप लगाया. विपक्ष का ये भी आरोप है कि सभापति बीजेपी के सदस्यों के नाम ले लेकर उनसे बोलने के लिए कह रहे थे. ये प्रस्ताव पेश होता है या पास होता है या नहीं, ये अलग मसला है. कांग्रेस को इस मुद्दे पर विपक्ष के कितने दलों का साथ मिलता है, ये ज्यादा महत्वपूर्ण है. अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस अकेली पड़ती जा रही है.

अब तो ऐसा लगता है जैसे राहुल गांधी अडानी का मुद्दा जबरदस्ती ढो रहे हैं. किसी न किसी बहाने मुद्दे को जिंदा रखने की कोशिश लगती है, और सत्ता पक्ष ने जॉर्ज सोरोस का नाम लेकर सोनिया गांधी से सफाई मांगना शुरू कर दिया है. करीब करीब वैसे ही जैसे 2020 के दिल्ली दंगे के दौरान जब सोनिया गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राष्ट्रपति भवन तक मार्च किया और दोनो को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही बीजेपी की तरह से 1984 के दंगों का हवाला देकर जवाबी हमला किया गया, कांग्रेस नेतृत्व शांत हो गया.

# मुस्लिम लड़कियों का शैक्षिक पिछड़ापन

## जिम्मेदार कारक और इस्लामी परिप्रेक्ष्य

**रेशम फातिमा,**
**अंतर्राष्ट्रीय संबंध में परास्नातक, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय**




❒ शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है, जो व्यक्तिगत विकास, सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है। हालाँकि, लड़कियों, विशेष रूप से मुस्लिम लड़कियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में बाधा डालती हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बावजूद, मुस्लिम लड़कियाँ अभी भी अन्य समुदायों की तुलना में शैक्षिक प्राप्ति में पिछड़ रही हैं। यह मुद्दा नीति निर्माताओं, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए चिंता का विषय बन गया है। मुस्लिम लड़कियों के शिक्षा में पिछड़ने का सबसे महत्वपूर्ण कारण गरीबी है।

गरीबी परिवारों को दीर्घकालिक शैक्षिक लक्ष्यों की तुलना में तत्काल वित्तीय जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए मजबूर करती है। गुणवत्तापूर्ण स्कूलों और शिक्षण सामग्री तक पहुँच की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण और अविकसित क्षेत्रों में, स्थिति को और खराब कर देती है। कुछ मुस्लिम समुदायों के भीतर सांस्कृतिक मानदंड और परंपराएँ लड़कियों की गतिशीलता और शिक्षा को प्रतिबंधित कर सकती हैं। शिक्षा के लिए संसाधन आवंटित करने की बात आने पर अक्सर लड़कियों की तुलना में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। कुछ रूढ़िवादी परिवारों में, यह विश्वास कि लड़कियों को घरेलू कामों पर ध्यान देना चाहिए या जल्दी शादी कर देनी चाहिए, औपचारिक शिक्षा तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। कुछ परिवार अपनी बेटियों को सह-शिक्षा वाले स्कूलों में भेजने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इससे वे उन प्रभावों के संपर्क में आ सकती हैं जिन्हें वे अनुचित या गैर-इस्लामी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के कुछ हिस्सों में, खासकर ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह का प्रचलन है। कम उम्र में शादी करने से कम उम्र में माँ बन जाती है, जिससे लड़की की शिक्षा में काफ़ी बाधा आती है। शादी के बाद, लड़कियों से अक्सर घरेलू काम करने की उम्मीद की जाती है, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए बहुत कम समय या अवसर मिलता है। बाल विवाह का प्रचलन मुस्लिम लड़कियों की शैक्षिक उन्नति में एक महत्वपूर्ण बाधा है, क्योंकि इससे उनकी शिक्षा की यात्रा छोटी हो जाती है। लड़कियों के लिए शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी, साथ ही महिलाओं के अधिकारों के लिए अपर्याप्त वकालत के परिणामस्वरूप कई मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। कई मामलों में, परिवार लड़कियों की शिक्षा से उनके परिवारों और समुदायों को होने वाले दीर्घकालिक लाभों से अनजान हैं। समुदाय स्तर पर मज़बूत वकालत के बिना, मुस्लिम आबादी के कुछ हिस्सों में लड़कियों की शिक्षा के महत्व को अनदेखा किया जाता है। कुछ व्यक्ति और समूह लड़कियों को शिक्षित करने के खिलाफ तर्क देने के लिए धार्मिक ग्रंथों का दुरुपयोग कर सकते हैं, यह दावा करते हुए कि इस्लाम सार्वजनिक जीवन या औपचारिक शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी को हतोत्साहित करता है। ऐसी व्याख्याएं इस्लाम के मूल सिद्धांतों को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं, लेकिन वे कुछ समुदायों में बनी रहती हैं। इससे लड़कियों को स्कूल भेजने के प्रति गलत धारणाएं और प्रतिरोध पैदा हुआ है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां रूढ़िवादी विचार हावी हैं। इस्लामी शिक्षाएं स्पष्ट रूप से पुरुषों और महिलाओं दोनों की शिक्षा का समर्थन करती हैं। कुरान और हदीस (पैगंबर मुहम्मद की बातें) व्यक्तिगत विकास और सामाजिक बेहतरी के साधन के रूप में ज्ञान प्राप्त करने के महत्व पर जोर देती हैं। कुरान यह स्पष्ट करता है कि ज्ञान प्राप्त करना प्रत्येक मुसलमान के लिए एक आदेश है, चाहे वह किसी भी लिंग का हो। प्रसिद्ध आयत "अपने रब के नाम से पढ़ो जिसने तुम्हें बनाया है" सूरह अल-अलक (96:1-5) लिंग भेद के बिना ज्ञान प्राप्त करने का आह्वान करता है, और सूरह अत-तौबा (9:71) शिक्षा सहित समाज के कल्याण में योगदान देने में महिलाओं की सक्रिय भूमिका की पुष्टि करता है। पैगंबर मुहम्मद ने भी महिलाओं को शिक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "ज्ञान प्राप्त करना हर मुसलमान पर अनिवार्य है" (सुनन इब्न माजा)। इस हदीस में "हर" शब्द का उपयोग यह दर्शाता है कि शिक्षा लिंग-विशिष्ट नहीं है, बल्कि पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक जिम्मेदारी है। एक और प्रसिद्ध हदीस में कहा गया है, "तुममें से सबसे अच्छे वे हैं जो कुरान सीखते हैं और इसे पढ़ाते हैं" (सहीह अल-बुखारी), एक सिद्धांत जो दोनों लिंगों पर समान रूप से लागू होता है। पैगंबर मुहम्मद द्वारा महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना महिला विद्वानों के साथ उनकी बातचीत के माध्यम से भी प्रदर्शित होता है। प्रारंभिक इस्लामी इतिहास में कई महिलाएँ, जैसे कि आयशा बिन्त अबी बकर, अपने ज्ञान और इस्लामी विद्वत्ता में उनके योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। प्रारंभिक इस्लामी काल में, महिलाएँ ज्ञान प्राप्त करने और प्रसारित करने दोनों में सक्रिय भागीदार थीं। पैगंबर मुहम्मद की पत्नी आयशा को एक महान विद्वान और शिक्षिका के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कई हदीसों को आगे बढ़ाया और पैगंबर के कई पुरुष साथियों ने उनके ज्ञान के लिए उनसे सलाह ली। इसके अलावा, इस्लाम के शुरुआती वर्षों के दौरान, मुस्लिम महिलाएँ पुरुषों के साथ-साथ स्कूलों और विश्वविद्यालयों में जाती थीं। बगदाद और काहिरा जैसे शहरों में, महिलाओं ने चिकित्सा, गणित और साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिक्षा को न केवल व्यक्तिगत लाभ के रूप में देखा जाता है, बल्कि एक सामाजिक कर्तव्य के रूप में भी देखा जाता है। इस्लाम में, महिलाओं को शिक्षित करना परिवार और समाज को बेहतर बनाने के साधन के रूप में देखा जाता है।

एक शिक्षित महिला अपने परिवार के कल्याण में योगदान देने, अपने बच्चों को शिक्षित करने और सामाजिक और आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होती है। इस्लाम समाजों को ऐसी शैक्षिक प्रणाली बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की ज़रूरतों को पूरा करती हो। भारत में मुस्लिम लड़कियों के सामने आने वाली शैक्षिक असमानताओं को दूर करने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। सरकार और गैर सरकारी संगठनों को स्कूलों तक पहुँच में सुधार करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहाँ शिक्षा के बुनियादी ढाँचे की कमी है। इसमें लड़कियों के लिए स्कूल स्थापित करना, छात्रवृत्ति प्रदान करना और मुफ़्त शैक्षिक सामग्री प्रदान करना शामिल हो सकता है। लड़कियों की शिक्षा के महत्व के बारे में मुस्लिम समुदायों को शिक्षित करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। इन अभियानों का नेतृत्व स्थानीय धार्मिक नेताओं, शिक्षकों और समुदाय के प्रभावशाली लोगों द्वारा किया जा सकता है जो गलत धारणाओं का मुकाबला कर सकते हैं और लड़कियों को शिक्षित करने के लाभों को उजागर कर सकते हैं। समुदाय के नेताओं और धार्मिक विद्वानों को लड़कियों की शिक्षा की वकालत करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वे इस्लामी शिक्षाओं का उपयोग उन हानिकारक सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देने के लिए कर सकते हैं जो लड़कियों को स्कूल जाने से रोकते हैं और परिवारों को अपनी बेटियों की शिक्षा का समर्थन करने के लिए सशक्त बनाते हैं। सरकार बाल विवाह के खिलाफ़ सख्त कानून लागू कर सकती है और लड़कियों को स्कूल में रखने के लिए परिवारों को प्रोत्साहित कर सकती है। गरीब परिवारों को छात्रवृत्ति और मुफ्त शिक्षा जैसी वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली नीतियां मुस्लिम लड़कियों के बीच स्कूल छोड़ने की दर को कम करने में काफी मददगार साबित हो सकती हैं। जबकि भारत में मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ये बाधाएँ इतनी बड़ी नहीं हैं। इस्लाम अपनी मूल शिक्षाओं में महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा की वकालत करता है और मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता को लेकर बढ़ती मान्यता है। सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बाधाओं को संबोधित करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि मुस्लिम लड़कियाँ पीछे न रहें और वे अपने परिवार, समुदाय और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

## हास्य-व्यंग्य

**प्रमोद यादव**

# इश्क पर जोर नहीं



❒ देखोजी अब आप ये पार्टी छोड़ दो जिसमें चौबीसों घंटे पगलाए रहते हो रात को घर में घुसा नहीं कि पत्नी की तुगलकी फरमान ने चौंका दिया. क्या हुआ भागवान? अचानक तुम्हें ये क्या दौरा पड़ा? सुबह तक तो ठीक थी तुम..' मैंने शांत भाव से कुरता उतारते कहा .सुबह का भूला शाम को घर लौट आये तो उसे भूला नहीं कहते जी पत्नी बोली. अच्छा अच्छा तुम हमारे "राजाजी" की बात कर रही हो. .राजा-महाराजाओं की तो बात ही निराली. जो पसंद आया, उठा लिए.. यह उनका निजी मामला है यार..इस पर हमें टिपण्णी करने का कोई हक़ नहीं..इसे राजाजी जाने या फिर उनकी नई वाली "रानीजी".. पर भला इससे तुम्हें क्या लेना-देना? मैंने उलटे सवाल कर दिया.अरे क्यों लेना-देना नहीं? समाज के प्रति उनकी कोई नैतिक जिम्मेदारी हो न हो, मेरी तो है. देश का एक बड़ा और बुजुर्ग नेता "बत्तमीज दिल-बत्तमीज दिल" करते बेशर्मी से बुढापे में इश्क लड़ाए तो समाज पर क्या असर होगा? देश के नौजवानों पर क्या असर होगा? उनके लिए भी तो कोई काम छोड़े? दस साल सत्ता में रहते भी बेचारों को काम-धंधा तो दिलाने से रहे. बेरोजगारों की बड़ी फौज तैयार कर दी एक इसी काम के सहारे तो बेचारे आस लिए सांस ले रहे. अब इसे भी उनसे छीन लेंगे तो गरीब-परवर करेंगे क्या? अपने राजाजी से कहो- नौजवानों पर मेहरबानी करे. उनका "टाईम-पास" न छीने. उनके सपने न चुराएं नहीं तो उनकी बद-दुआ जड़ तक लगेगी उनको. तुम दुनिया-जहान की बातें छोडो यार..जब जिसको जैसा वक्त मिलता है.. वैसा इश्क "फरमाता है..कोई जवानी के पहले अंजाम देता है तो कोई भरी जवानी में इसे आजमाता है.(इस रोग को) गले लगाता है. और जिन्हें इन दोनों अवस्थाओं में यह मयस्सर नहीं वे बुढापे में ट्राई मारते हैं. और इस उम्र में सभी कोशिश करते हैं कि पब्लिक से बचा के करें. डरते हैं कि "मुश्किल से हासिल" चीज कहीं छिन न जाए पर कहते हैं न कि इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छिपते.' मैंने ज्ञान बघारा. अरे वाह आप पहले तो ऐसे न थे.. क्या हो गया आपको? बुढ़ापे में वह प्रेम की पींगे बढ़ा रहा.आवारागर्दी कर रहा...और आप उनका समर्थन कर रहे?' वह गुस्से से बोली. देखो यार.. हम राजनितिक लोगों के जीवन में "समर्थन" का बड़ा महत्त्व है. आज सत्ता में हैं तो केवल अन्य पार्टियों के समर्थन से..दो- चार पार्टी वापस ले ले तो अभी के अभी हम अर्श से फर्श पर आ जाएँ.. हमें तो देशवासियों की हर बात का समर्थन करना होता है.. बाध्य हैं हम लोग कहते है- गरीबी बढ़ी है..हम हामी भरते हैं- हाँ. जरुर बढ़ी है (अब गरीब नहीं होंगे तो वोट कौन देगा?.. यही तो सत्ता के प्रमुख किरदार हैं..परदे के पीछे वाला..) लोग कहते हैं-मंहगाई बढ़ी है. .हम समर्थन करते हैं- बढ़ी है (इसे कंट्रोल करेंगे तो उन्हें कौन कंट्रोल करेगा जो चुनाव में लाखों-करोड़ों का चंदा देते हैं. इसलिए बस..सबका समर्थन करते जाते हैं और वादा करते हैं कि वोट दो.आगे ये सब नहीं बढ़ने देंगे. अब भला कोई आज तक किसी के "ग्रोथ" को रोक पाया है? बच्चा बढ़ता है. जवान होता है..जवान बढ़ता है.वृद्ध होता है. .फिर आखिर में उसके कदम श्मशान की ओर खुद-बा-खुद बढ़ जाता है. किसी भी अवस्था को आज तक कोई बढ़ने से कभी रोक पाया? मैंने एक सांस में भाषण के लहजे में बात कही.आपसे तो बात करना भी फिजूल.कहाँ की बातें कहाँ ले जाते हो..खुद तो विषयांतर होते हो..मुझे भी उलझा देते हो.मैं जिस समर्थन की बात कर रही.उसे आप अच्छी तरह समझ रहे..आपको तो उनकी हरकतों का विरोध करना चाहिए' पत्नी ने कहा.अरे पार्टी के वे वरिष्ठ नेता हैं..उनकी पार्टी का होकर उनका समर्थन मैं न करू तो क्या विरोधी पार्टी करेंगे?

## लघुकथा

**अशोक मिश्र**

# प्रेरणा

❒ प्रतीक कम्पयुटर साइंस में बी ई करने के उपरांत छः महीने से नौकरी के लिए भटक रहा था। रोज सुबह-सुबह दफ्तरों में इन्टरव्यू के लिए निकल जाता था। कदाचित् कुछ स्टेज क्लीयर भी कर लेता था पर फाइनली सेलेक्ट नहीं हो पाता था। एक बार फिर प्रतीक एक कम्पनी में अन्ततः चयनित नहीं हो पाने के कारण हताश और निराश होकर लौट रहा था तो देखा कि मुहल्ले का हीं एक पांव से पोलियोग्रस्त सात-आठ साल का लड़का, त्रिलोचन पैर घसीट घसीट कर आगे बढ़ रहा था। पसीना से तर-बतर त्रिलोचन थक कर किसी घर के आगे बने चबूतरे पर जब बैठ गया तो प्रतीक भी अपनी बाइक खड़ी कर उसके बगल में बैठ गया और अपने बैग से पानी का बोतल निकाल कर त्रिलोचन की ओर बढ़ा दिया। त्रिलोचन ने पानी पीने के बाद सधन्यवाद बोतल वापस किया। प्रतीक ने त्रिलोचन से कहा- चलो मैं तुम्हें बाइक से घर छोड़ देता हूँ, लड़के ने बड़ी मासूमियत से कहा अरे! नहीं भैया, इसकी जरूरत नहीं है, यह तो मेरा रोज का काम है। वह कहने लगा, पता है !पापा मुझे आइ ए एस बनाना चाहते हैं और इसके लिए इन्सान को हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए।असल में आज गरमी थोड़ी बढ़ी हुई है, कुछ दिनों में बर्दाश्त करने की क्षमता आ जाएगी। उस दिव्यांग बालक की बातें सुनकर प्रतीक उत्साह से भरा जा रहा था और उसमें अब किसी प्रकार की निराशा नहीं थी क्योंकि उसको जीवन की प्रेरणा मिल चुकी थी।

## कहानी

**विजय**

# उसका चावल

❒ उरसुला ने ईंटों के चूल्हे पर चढ़ी देगची उतारी और चूल्हे के आगे जमा हुई राख पर रख दी. चूल्हे में सूखी लकड़ियाँ चट-चट की आवाज कर रही थीं. उरसुला को लगा कि दूर झितिज पर जैसे आकाश जल रहा हो. उसे महसूस हुआ कि बत्तीस तैंतीस की उम्र तक आते-आते चटख चटखकर उसका अस्तित्व भी राख बन गया है.ध्यान टूटते ही उसने दूसरी देगची में सांभर चढ़ा दिया, मिर्च कुछ चटख ही डाली क्योंकि लड़कों को पसंद है. सी सी करते हुए वे एक दूसरे को खूब छेड़ते हैं.

उनकी छेड़छाड़ के बीच उरसुला भी जी लेती है. चूल्हे की दो लकड़ियों को उसने अंदर की तरफ कोंचा जिससे आग धीमी हो जाए. सांभर की दाल में सौंधापन आ जाए और वह ठीक से गल जाए. आग धीमी तो हो गई मगर बुझे हुए हिस्सों से धुंआ भी फूट पड़ा. उरसुला को लगा कि धुंआ-धुंआ होकर वह भी राख बन गई है. राख जो दूसरों के खाने को कुछ देर गर्म रख पाती है. पेड़ से टूटी लकड़ी जैसा ही उसका हश्र हुआ.चावल का मांड निकालने के लिए उरसुला कपड़े से देगची पकड़ती है. कपड़ा कहाँ? एक लड़के की झीनी चदरिया सी बनियान है. उरसुला की मूक ठिठकन को भांप कुर्ता उतार बनियान उछाल दी थी और पुनः कुर्ता धारण कर लिया था. बाकी के तीन लड़के हँसे थे. 'त्याग!' हँसा था लड़का भी, "त्याग कैसा? जिस दिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया, ये सारे कपड़े फेक एनकाउंटर में खून से रंग जाएंगे.

न मेरे काम आएंगे और न अम्मा की उंगलियाँ जलने से बचा पाएंगे."जेब से पॉलीथीन की छोटी थैली से कुछ निकाल दूसरा लड़का कहता है,"अपन तो इसे खाकर चैन की नींद सो जाएंगे, कपड़े पहने पहने स्वर्ग पहुँच जाएंगे."स्वर्ग!" तीसरा लड़का कड़वाहट के साथ कहता है, "स्वर्ग अगर होता तो न्यूक्लीयर बम दिखा कर अमरीका इंद्र से कभी का छीन लेता और वहाँ रोज अपनी इंडस्ट्री के माल का बाज़ार लगाता. चौथा लड़का सब को डांटता है, "चुप! स्वर्ग में सब नंगे जाते हैं. खुद फोर्ड का वहाँ से ख़त आया है कि यहाँ तो मेरे पास फटा कोट भी नहीं है."चारों लड़के हंसे थे पर संजीदा हो गई थी उरसुला.

## संस्मरण


**राजनारायण बोहरे**


# निगरानी

❍ पंछी राम बड़ा तुर्रम खाँ है। पूरे पैंतीस बरस से वह कलेक्टर के हाथ के नीचे काम कर रहा है, सो बड़े -बड़े हाकिम-हुक्कामों से बोलने बतियाने और उनकी सेवा करने का अच्छा तज़ुर्बा है उसके पास। इस हुनर और तज़ुर्बे के दम पर अपने साथी चपरासियों के साथ बैठकर वह खूब लंबी लंबी गप्पें मारता है. बाकी लोग, चुप बैठ कर उसकी बातें मुंह बाये सुनते रहते हैं और उसकी हाँ में हाँ मिलाते हैं ।लेकिन इस दफा पंछीराम ऐसा फंसा कि सारी चौकड़ी भूल गया दरअसल हुआ कुछ ऐसा , कि उन दिनों चारों ओर घनघोर बदरा छाये थे. सावन का महीना था. पूरे देश में झमाझम बरसात हो रही थ. छोटे-साधनहींन और दूर के इलाके में बसे गाँवों की कौन कहे, खूब ठीकठाक कस्बों और ख़ासे बड़े, तरक्की पा गये गाँवों तक पहुंचने के रास्ते गोबर और कीचड़ की गहरी लम्बी नदियों में तब्दील हो चुके थे.ऐसे बसकारे के टप्प-टप्प मौसम में दिल्ली बैठे एक आला हुक्काम ने हुकुम दागा कि अगले माह देश में आम-चुनाव कराये जायेंगे. जिस दिन अखबारों में यह खबर छपी, देश भर के प्राइमरी स्कूलों के मास्टर, तमाम दफ्तरों के बाबू-चपरासी, तहसीलों के पटैल-पटवारी और कोटवार तथा पुलिस थानों के दरोगा और सिपाही समेत अनेक कर्मचारी मन-ही-मन दहल उठे ब्याह के डला-टिपरियों सी चुनाव की पेटी, थैली और तमाम सामग्री माथे पर लादे, अन्जान डगर और अजनबी गांवों में जाकर, भूखे-प्यासे और नींद के सताये रहकर ,भय और दहशत के माहौल में उनने अब तक की नौकरी में जितने भी चुनाव कराये थे, वे सब एक-एक कर उन्हें याद आने लगे. चुनाव तो वैसे भी भय कारी होता है, चाहे सूखा मौसम और ऐन शहर का पोलिंग क्यों न हो, फिर इस बार तो बारिश का घुटन भरा मौसम होगा. तो कैसे क्या होगा, इस चिन्ता में कई अफसर-अहलकारों की वह रात जगते हुये बीती. उधर यही खबर जब छोटे-बड़े नेताओं, बिल्ला-परचा और पोस्टर छापने वाले प्रेसमालिकों, छुटमुट पेन्टरों, माईकवालों और बेरोजगार गुण्डे-मवालियों ने पढ़ी, वे सब खुशी से नाच उठे-अब पांच साला कुम्भ आ गया था उनका इधर चाय की दुकानों और दफ्तरों की खुली सभाओं में बारिश के मौसम में चुनाव हो पाने की संभाव्यता पर बहस चल रही थी और उधर दिल्ली में चुनावों की व्यवस्था समझाने के लिए बैठक बुलायी गयी बैठक में देश भर के आला हाकिम रबर के गूंगे गुवें की तरह चुनाव-व्यवस्था संभाल लेने के प्रश्न पर हामी में सिर हिला रहे थे.

# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❒ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.






सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# बांग्लादेश में हिंदुओं अत्याचार के खिलाफ संपूर्ण हिंदू समुदाय की न्याय यात्रा

> हिंदू समाज पर हो रहे हमलों के खिलाफ एकजुट होकर मानवता की रक्षा का संकल्प करें: विधायक जोरग़ेवार

**चंद्रपुर.**

हिन्दू समाज के विरुद्ध अन्याय, अत्याचार और हिंसा की घटनाएँ न केवल हिन्दू समाज का अपमान हैं बल्कि पूरे मानवता का भी अपमान हैं। हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो सहिष्णुता, शांति और सह-अस्तित्व के मूल्यों को बढ़ावा देता है। लेकिन, बांग्लादेश में कुछ विनाशकारी ताकतें इन मूल्यों को कमजोर कर रही हैं। बेखौफ मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है, निर्दोष नागरिकों पर हमले किये जा रहे हैं और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को कुचला जा रहा है। यह सब पूरी तरह से मानवाधिकार और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है, विधायक किशोर जोरग़ेवार ने हिंदू समाज पर हो रहे हमलों के खिलाफ एकजुट होने और मानवता की रक्षा के लिए संकल्प लेने की अपील की.

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नागरिकों पर हो रहे हमलों के खिलाफ सकल हिंदू समाज की ओर से आज चंद्रपुर में बांग्लादेश हिंदू न्याय यात्रा का आयोजन किया गया. इसमें भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरग़ेवार ने हिस्सा लिया और बांग्लादेश की घटना की



निंदा की. न्याय यात्रा दोपहर तीन बजे शहर के गांधी चौक से शुरू हुई. उक्त यात्रा घोषणा करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर जिलाधिकारी विनय गौड़ा को एक ज्ञापन दिया गया. इस बार मीडिया से बात करते जोरग़ेवार ने कहा कि हम यहां एक साथ आकर इन घटनाओं का पुरजोर विरोध कर रहे हैं. हमारी मांग है कि बांग्लादेश सरकार इन घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे. साथ ही, इस देश के हिंदू भाइयों को सुरक्षा और सम्मान के साथ रहने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए.

न्याय यात्रा में भाग लेने वाले हिंदू समुदाय के सदस्यों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था.

गांधी चौक से शुरू हुई बांग्लादेश हिंदू न्याय यात्रा में भाग लेने वाले हिंदू समाज के सदस्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर से गांधी चौक पर पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर विधायक किशोर जोरग़ेवार खुद यहां मौजूद रहे और हिंदू भाइयों को पीने का पानी बांटा.



## जिला खनिज अधिकारियों ने रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की

**गढ़चिरोली:**

गढ़चिरौली शहर में खुल्लेआम अवैध रेत खनन और परिवहन हो रहा है और इसके पीछे राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के छिपे हुए समर्थन की परेशान करने वाली तस्वीर बार-बार देखी जा रही है।

चूंकि गढ़चिरौली शहर में अवैध रेत खनन और परिवहन की खबरें बार-बार अखबारों, चैनलों और डिजिटल मीडिया में आ रही हैं, आखिरकार आज थोड़ा दबाव में आकर जिला खनिज अधिकारी उमेश बर्डे ने चार ब्रास रेत से भरे दो ट्रकों पर रेती चोरी का मामला दर्ज ना करते हुए केवल दो छोटे टिपर जब्त किए गए हैं।

इस मामले में सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई की गयी है. इस कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर खनिज अधिकारी उमेश बर्डे ने बताया कि रेत चोरी का पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है क्योंकि अगर पुलिस के पास मामला दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो पुलिस की ओर से हमे बार बार परेशान होना पड़ता है। गढ़चिरौली शहर में होती हुई रेती चोरी पर राजस्व और पुलिस विभाग जानबूझकर आंखें मूंद रहे हैं, जिससे सरकारी कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा हो रहा है। आज की कार्रवाई में देखा गया कि चार ब्रास रेत से भरे दोनो टिप्पर, मालिक जयदेव नैताम की गाड़ी क्रमांक एमएच 33 टी 3739 और राकेश निशाने की गाड़ी क्रमांक एमएच 33 डब्ल्यू 3017 को जब्त कर तहसील कार्यालय में रखा गया है। स्थानिक पटवारी सुभाष आड़े से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पकड़े गए दोनों गाड़ियों पर प्रती गाड़ी एक लाख रुपए फाइन ओर चुराई गई रॉयल्टी से पांच गुना रक्कम याने छत्तीस हजार रुपए ऐसे कुल मिलाकर दोनों गाड़ियोपर दो लाख बहत्तर हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

इस दौरान माइनिंग अधिकारी की ओर से रेती चोरी का मामला दर्ज ना कराने पर रेती तस्करोंके हौसले बुलंद होते दिखाई देने लगे हैं।

## राजुरा पत्रकार संघ ने किया नवनिर्वाचित विधायक भोंगले का सत्कार

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**

राजुरा विधानसभा क्षेत्र से जीते भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक देवराव भोंगले का उनके निवास पर राजुरा पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने शॉल, फूल और गुलदस्ते से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अभिनंदन का जवाब देते हुए देवराव भोंगले ने कहा कि वे पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे. इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए पत्रकार भवन के निर्माण कार्य की जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया.

इस मौके पर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गोरे, सचिव इजाज अहमद, उपाध्यक्ष संतोष कुंदोजवार, वसंत पोटे, मंगेश बोरकुटे, मनोज अत्राम, मंगेश श्रीराम, साहिल सोलंके, शाहनवाज कुरेशी, उमेश मार्शेट्टीवार, सागर भटपल्लीवार, बंडू वानकर और इस पत्रकार संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.



## केंद्रीय सड़क विकास निधि के तहत सड़क के लिए निधि उपलब्ध कराएं: सांसद धानोरकर

> दिल्ली में मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिभा धानोरकर ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से केंद्रीय सड़क विकास निधि



के तहत सड़क विकास के लिए धन उपलब्ध कराने की मांग की।

चंद्रपुर जिले के वरोरा तालुका में मधेली, येवती, केली, नगरी, उमरी, तुमगांव से राज्य सड़क 331 प्रजिमा 2 किमी 0/00 से 19/100 और प्रजिमा 1 से जलका नगरी से चिकानी से शेगांव खुर्द से चंदनखेड़ा तक के सुधार के लिए 23 करोड़। वरोरा तालुका। सड़क की लंबाई 0/00 से 17/500 तक 5 किमी है सड़क के सुधार (प्राजिमा 1 से तेमुर्दा) की मांग है कि इस सड़क के सुधार के लिए 20 करोड़ रुपये के केंद्रीय सड़क विकास निधि के तहत कुल 43 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाए इस मौके पर मंत्री ने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में कार्रवाई कर राशि उपलब्ध करायेंगे.

## चीतल शिकार मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

> टेंबुरवाही वन अधिकारी की कार्रवाई

**राजुरा.**

राजुरा वन क्षेत्र के अंतर्गत तेम्बुरवाही उप-वन में तार के जाल में फंसाकर चीतल का शिकार करने के आरोप में खंबाला के पिंटू ईस्टारी सीडाम को वन अधिकारी ने गिरफ्तार कर लिया है और वन अपराध के रूप में मामला दर्ज किया है।



तेम्बुरवाही उपवन क्षेत्र के खम्बाला आरक्षित वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 178 में तार की बाड़ लगाकर चीतल का शिकार किये जाने की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र सहायक प्रकाश मत्ते एवं वन कर्मचारी पहुंच कर आरोपी पिंटू सिडाम को मृत चीतल सहित गिरफ्तार कर लिया. चीतल और शिकार में प्रयुक्त सामग्री को जप्त कर अपराधी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

आगे की कार्रवाई उपविभागीय वन अधिकारी श्वेता बोड्डू, उपविभागीय वन अधिकारी पवन कुमार जोंग के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेश येलकेवाड, क्षेत्र सहायक प्रकाश मत्ते, वन रक्षक पवन देशमुख, भोजराज दांडेकर, विजय ताकसांडे के नेतृत्व में की गई। और वनकर्मी संजय चितलवार आदि से आगे की जांच जारी है.

## वेकोलि मुख्यालय पर हंसराज अहीर की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा

> कोयला चोरी और बढ़ते अपराध रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी

**चंद्रपुर.**

वेकोली मुख्यालय, नागपुर में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता में सीएमडी वेकोली, नागपुर की उपस्थिति में वेकोलि प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कहा गया कि 2021 की एसओपी में बदलाव कर नई एसओपी लागू की गई है. इसमें अहीर ने सुझाव दिया कि शैक्षणिक योग्यता धारकों को भूमिगत खदानों में नियुक्ति से रखा जाए.



नॉर्थ वेस्ट, गोबरी सेंट्रल, गौरी-पौनी, वणी क्षेत्र में पैनगंगा एक्सटेंशन, बल्लारपुर क्षेत्र में कोलगांव ओपनकास्ट परियोजनाओं के संबंध में अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाना और सीबी अधिनियम के तहत आगे अधिसूचना जारी करना, सीबी अधिनियम 1957, धारा 4 के अंतर्गत आने वाली कुछ परियोजनाएं अधिसूचना लेकिन बाद में बैठक में धारा 7 अधिसूचना से बाहर किए गए विभिन्न गांवों की जमीनों को अधिग्रहण में शामिल कर किसानों को न्याय देने का सुझाव दिया गया।

शिवनी धोबे परियोजना माजरी क्षेत्र, चिंचोली रीकास्ट, इन परियोजनाओं को वित्तीय मुआवजे के साथ-साथ रोजगार लाभ प्रदान करने का निर्णय लेने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। अहीर ने यह भी निर्देश दिया कि नौकरी के प्रस्ताव जमा करने की 5 साल की सीमा हटा दी जानी चाहिए और इस संबंध में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश जारी किए जाना चाहिए। पोती (बेटे की बेटी) और दामाद, भूमि अधिग्रहण में नौकरी को मंजूरी देने और पूनवर्सन के सभी प्रस्तावित गांवों सास्ती, पोवनी, गाडेगांव, कोलार पिपरी, पिंपलगांव, आदि में शेष भूमि के पूर्ण अधिग्रहण के लिए शीघ्र निर्णय लें। कोयला चोरी एवं बढ़ते अपराध पर रोक, कैमरों का उपयोग एवं 15 वर्षों से कार्यरत भूमिगत खदान श्रमिकों का एसओपी के अनुसार ओपन पिट खदानों में स्थानांतरण, सुरक्षा गार्ड के पद बैठक में नियुक्ति के लिए अंतिम आयु सीमा 35 वर्ष की जगह 40 वर्ष करने पर गहन चर्चा हुई. हंसराज अहीर ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को ओबी कंपनियों में संविदात्मक रोजगार में महाराष्ट्र सरकार के 80:20 जीआर का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।




# 'एडल्ट टॉयज' बेचती हैं खूबसूरत हसीना सनी



इस बात में कोई दो राय नहीं, कि बॉलीवुड अभिनेत्रियां सिर्फ एक्टिंग करना ही नहीं बल्कि बिजनेस संभालना भी जानती हैं. बॉलीवुड में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं जिनके पास कमाल की बिजनेस सेंस है और अपनी इस बिजनेस सेंस का फायदा उन्होंने बखुबी उठाया है खुद का बिजनेस सेटअप लगाकर.कोई अभिनेत्री बच्चों के कपड़े बेच रही हैं तो किसी ने खुद का जूलरी स्टोर खोला है तो किसी ने रेस्टोरेंट की दुनिया में अपना नाम बनाया है. वहीं एक एक्ट्रेस तो ऐसी भी हैं जो एडल्ट टॉयज बेचने का बिजनेस कर रही हैं.



एडल्ट फिल्मों की दुनिया से निकलकर बॉलीवुड में नाम कमाने वाली एक्ट्रेस सनी लियोनी भी बिजनेस करने के मामले में पीछे नहीं है. साल 2012 से सनी एक ऑनलाइन एडल्ट स्टोर चला रही है जिसमें जिसमें एडल्ट टॉयज, एट्रेक्टिव कॉस्टयूम, पार्टी वियर, स्विम वियर, लाइफस्टाइल एसेसरीज जैसे प्रोडक्ट मिलते हैं. इसके साथ ही सनी एक परफ्यूम और कॉस्मेटिक लाइन भी चलाती हैं जिसका नाम 'लस्ट है. सनी लियोनी सेक्स टॉयज़ जैसी अडल्ट प्रॉडक्ट्स ऑनलाइन बेचने वाली कंपनी से बतौर ब्रैंड ऐंबैसेडर भी जुड़ी हैं .इस स्टोर में सेक्स टॉयज, बीडीएसएम ऑब्जेक्ट्स, सेक्सी लॉन्जरी, इरोटिक बुक्स, सेक्सी कॉस्ट्यूम्स और इसी तरह की वो चीजें उपलब्ध हैं, जो कि भारत में नहीं मिलते हैं.कंपनी के फाउंडर अरमानी का कहना है कि 2,500 से 4,000 की कीमत वाले इन सेक्स टॉयज़ की डिमांड बॉलिवुड सितारे, अधिकारियों के अलावा दिल्ली और मुंबई के रिहायशी इलाकों में काफी ज्यादा है. राज अरमानी की वेबसाइट पर लिपस्टिक, मस्कारा और हेयरब्रश जैसी दिखने वाली चीजें कुछ और होती हैं. ये चीजें बाहर से कुछ और नज़र आती हैं और अंदर से कुछ और ही होती है.

# 'पुष्पा 2' में क्षत्रियों का अपमान?




करणी सेना के राजपूत नेता राज शेखावत ने रविवार को 'पुष्पा 2' के निर्माताओं को धमकी देते हुए फिल्म पर 'क्षत्रिय' समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। राज शेखावत ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, 'पुष्पा 2 फिल्म में 'शेखावत' का नेगेटिव रोल है, यह क्षत्रियों का फिर से अपमान है, करणी सैनिक तैयार रहें, फिल्म के निर्माता को जल्द ही पीटा जाएगा।'

बता दें, फिल्म में फहद फासिल ने खलनायक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका निभाई है। अब फहद फासिल के इसी किरदार को लेकर करणी सेना के राजपूत नेता राज शेखावत ने नाराजगी जाहिर की है और फिल्म से शेखावत शब्द को हटाए जाने की मांग उठाई है।

राज शेखावत ने आरोप लगाया कि फिल्म में 'शेखावत' शब्द के बार-बार इस्तेमाल से समुदाय का अपमान हुआ है। उन्होंने पुष्पा 2 के मेकर्स से इस शब्द को फिल्म से हटाने की मांग की। उन्होंने एक वीडियो जारी किया, जिसमें कहा- 'फिल्म में क्षत्रियों का घोर अपमान किया गया है। 'शेखावत' समुदाय को गलत नजरिए से पेश किया गया है। ये इंडस्ट्री अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर क्षत्रियों का अपमान करती रही है और उन्होंने फिर से वही काम किया है। फिल्म निर्माताओं को फिल्म से 'शेखावत' शब्द का लगातार इस्तेमाल हटा देना चाहिए, नहीं तो करणी सेना उनके घर में घुसकर मारपीट करेगी और जरूरत पड़ने पर किसी भी हद तक जाएगी।' इस मामले में अभी तक निर्माताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दूसरी ओर, पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर बनी हुई है।

# पिछले पांच साल बहुत मुश्किल रहे

## अर्जुन कपूर ने अपने खराब दौर को किया याद





अर्जुन कपूर हाल ही में रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे. इस फिल्म में वो विलन की भूमिका में थे.'सिंघम अगेन' ने भले ही काफी बेहतरीन कमाई न की हो, लेकिन इस रोल में एक्टर के किरदार की जमकर तारीफ की गई थी. अब हाल ही में अभिनेता ने बताया है कि उनकी जिंदगी के पिछले पांच साल काफी चुनौतीपूर्ण रहे थे. उन्होंने प्यार को लेकर भी कुछ बातें कही हैं.अर्जुन कपूर ने हाल ही में मसाला के साथ एक बातचीत के वक्त कई बातों का खुलासा किया है. अर्जुन कपूर ने फैंस और इंडस्ट्री से मिलने वाले प्यार को लेकर भी बात की है.अर्जुन कपूर ने कहा, "मेरे लिए यहां बहुत प्यार है. यहां बहुत से ऐसे लोग हैं जो मुझे सपोर्ट करते हैं."सिंघम अगेन एक्टर ने कहा, "मैं अपने दर्शकों के साथ-साथ मीडिया के लोगों का भी धन्यवाद करना चाहता हूं. यहां बहुत पॉजिटीविटी है और प्यार है. मुझे इस फेज में बहुत मजा आ रहा है. हालांकि अभी और कड़ी मेहनत करनी है और अपने लिए मौके चुनने हैं.बातचीत के वक्त अर्जुन कपूर ने कहा, "पिछले कुछ साल मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे. खासतौर से पिछले पांच साल बहुत मुश्किल रहे. मैंने प्यार और सराहना का लंबे समय तक इंतजार किया है. हालांकि मैं चुनौतियों को पार करता चला गया और कभी भी फीडबैक और आलोचनाओं पर सवाल नहीं उठाया है. हालांकि जब कुछ पॉजिटिव होता है तो मेरे लिए ये रिवॉर्डिंग है. खासतौर से जब इंडस्ट्री में समाज, दर्शकों, मीडिया और दोस्तों का प्यार मिलता है तो बहुत अच्छा लगता है."

अर्जुन कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अगली बार वो 'नो एंट्री 2' में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को अनीस बज्मी निर्देशित करने जा रहे हैं. इस कॉमेडी सीक्वल में वरुण धवन और दिलदीत दोसांझ भी दिखाई देंगे.

इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने दिसंबर में शुरू की जाएगी और इसे 2025 में रिलीज किया जाएगा. जब फिल्म के पहले पार्ट की 20वीं एनिवर्सरी होगी. 'नो एंट्री' साल 2005 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान नजर आए थे.

# स्पाइडरमैन से टकराई बॉलीवुड की 'स्त्री'






बॉलीवुड की स्त्री श्रद्धा कपूर ने कुछ समय पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है. श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी. जिसके बाद से ही श्रद्धा कपूर के सितारे बुलंदियों पर हैं. इसी बीच श्रद्धा कपूर ने एक बार फिर से सोशल मीडिया की दुनिया को हिलाने की तैयारी कर ली है. कुछ समय पहले ही श्रद्धा कपूर को स्पाइडर मैन के साथ देखा गया है. श्रद्धा कपूर हाल ही में एक इवेंट में पहुंची थीं. यहां पर रेड कारपेट पर चलते समय श्रद्धा कपूर हॉलीवुड एक्टर एंड्रयू गारफील्ड से टकरा गईं जिनको लोग स्पाइडर मैन के नाम से भी जानते हैं. रेड कारपेट पर आते ही एंड्रयू गारफील्ड ने श्रद्धा कपूर से हाथ मिलाया. जिसके बाद एंड्रयू गारफील्ड और श्रद्धा कपूर आपस में बात करते नजर आए. रेड कारपेट पर एंड्रयू गारफील्ड सूटबूट पहनकर पहुंचे थे. फैंस को एंड्रयू गारफील्ड का ये अंदाज बेहद पसंद आ रहा है. यही वजह है जो एंड्रयू गारफील्ड इस समय सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. हाल ही में श्रद्धा कपूर रेड सी फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने पहुंची थीं. ये इवेंट साउदी अरब के शहर जेदा में रखा गया था. एंड्रयू गारफील्ड के साथ पोज देते समय श्रद्धा कपूर अपने फैंस को फ्लाइंग किस करती नजर आईं. श्रद्धा के इस अंदाज ने सोशल मीडिया पर आग लगाकर रख दी है. लोग श्रद्धा कपूर की तस्वीरों से नजर नहीं हटा पा रहे हैं. सबसे पहले एंड्रयू गारफील्ड ने श्रद्धा कपूर ने इंटरनेशनल मीडिया के सामने खूब पोज दिए. एंड्रयू गारफील्ड और श्रद्धा कपूर की जोड़ी तस्वीर में कमाल लग रही है.

# प्रियंका के सामने इस शख्स ने रखी ये घटिया शर्त



बॉलीवुड की देसी गर्ल यीनी कि प्रियंका चोपड़ा देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपने कमयाबी के झंडे गाड़ चुकी हैं. बॉलीवुड इंडस्ट्री में फिल्म 'द हीरो: लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई' से डेब्यू करने वाली देसी गर्ल ने हॉलीवुड में भी कड़ी मेहनत के बाद साल 2017 में फिल्म 'बेवॉच' से अपना डेब्यू किया. इसके अलावा प्रियंका सिंगिंग की दुनिया में भी शोहरत कमा चुकी हैं. उन्होंने कई गानों को अपनी आवाज दी है, जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया है. हालांकि आपको बता दें कि प्रियंका को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए बहुत कठिनाइयों का भी सामने करना पड़ा है.प्रियंका ने इंटरव्यू में बताया था कि जब वह इंडस्ट्री में नई नवेली हीरोइन थीं, तब उनके साथ क्या हुआ था. उन्होंने बताया कि यह बात 2002 या 2003 की है. उन्हें एक फिल्म ऑफर हुई थी. उन्हें जिस डायरेक्टर ने फिल्म ऑफर की थी वह उनसे कभी मिली ही नहीं थीं. इस फिल्म में एक्ट्रेस का रोल अंडरकवर एजेंट का था. प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उन्हें एक सीन में लड़के को सीड्यूस करना था. यह सीन ही ऐसा था कि इसके लिए उन्हें अपने सारे कपड़े उतारने थे. एक्ट्रेस ने बताया कि इस सीन के लिए वह बहुत सारे कपड़े पहनती थीं.तभी डायरेक्टर ने उनके स्टाइलिश से बोला, 'नहीं मुझे इनका अंडरगारमेंट देखना है, वरना इस फिल्म को देखने के लिए कोई क्यों आएगा.'प्रियंका को लेकर जब डायरेक्टर ने ये कहा तो वह बहुत अनकंफर्टेबल हो गई थीं. यह बात उन्हें बहुत अपमानजनक भी लगी. उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसा उनका आर्ट किसी काम का नहीं है. इसके बाद प्रियंका ने बताया कि डायरेक्टर का ये रवैया देखकर उन्होंने फिल्म से बाहर निकलना ही सही समझा. एक्ट्रेस ने कहा कि दो दिन की शूट के बाद उन्होंने वह फिल्म छोड़ दी, और अपनी जेब से प्रोडक्शन को नुकसान की भरपाई की. उन्होंने वह सब पे किया, जितना भी प्रोडक्शन ने उनपर खर्च किया था. हालांकि प्रियंका ने उस डायरेक्टर का नाम रिवील नहीं किया, जिसने उनसे ऐसी बात कही थी.

# कार्तिक ने शादी को लेकर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन बीते महीने नवंबर में रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे. उन्होंने इस फिल्म से लोगों को मनोरंजन का जबरदस्त डोज दिया है. कार्तिक आर्यन ना सिर्फ रील लाइफ में बल्कि रियल लाइफ में भी लोगों का जमकर एंटरटेनमेंट करते हैं. अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कार्तिक आर्यन अपनी शादी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को देखने के बाद उनके तमाम चाहने वाले फैंस एक्साइटेड हो गए हैं.

बॉलीवुड के तमाम स्टार्स शादी के फंक्शन अटेंड करते हैं और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं. अब सेलिब्रिटी फोटोग्राफर वरिंदर चावला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कार्तिक आर्यन के कई वीडियोज शेयर किए हैं. दरअसल, कार्तिक आर्यन दिल्ली की शादी को अटेंड करने पहुंचे थे और उनका दूल्हा और दुल्हन के साथ परफॉर्मेंस दी. वहीं, शादी के एक वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा है. इस वीडियो में कार्तिक आर्यन ने कहते नजर आ रहे हैं, 'मैं खुद सोच रहा हूं,

मतलब शादी में आकर यहां का माहौल इतना शादी वाला है, मेरा खुद मन हो गया शादी का.' इतना सुनते ही लोग हंसने लगते है तो कार्तिक आर्यन कहते हैं, 'मजाक कर रहा हूं.' कार्तिक आर्यन के इस वीडियो पर फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं. कार्तिक आर्यन की पर्नसल लाइफ की बात करें तो उनका नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा है लेकिन उन्होंने कभी किसी रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई.

# धर्मेंद्र को कोर्ट से मिला समन

धर्मेंद्र अपनी रेस्टोरेंट फ्रैंचाइजी 'गरम धरम ढाबा' को लेकर कानूनी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल ही में 'गरम धरम ढाबा' फ्रेंचाइजी से जुड़े धोखाधड़ी मामले में दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य के खिलाफ समन जारी किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट यशदीप चहल द्वारा यह समन जारी किया गया है। दिल्ली के बिजनेसमैन सुशील कुमार ने कोर्ट में धर्मेंद्र पर आरोप लगाया कि उन्हें फ्रैंचाइजी में निवेश करने के लिए लालच देकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल ही में 'गरम धरम ढाबा' फ्रैंचाइजी से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य के खिलाफ समन जारी किया है, जिसकी सुनवाई फरवरी 2025 में होगी। 5 दिसंबर को जारी किए गए समन आदेश में जज ने कहा, 'रिकॉर्ड पर मौजूद एविडेंस से हिंट मिली है कि आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को अपने सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और धोखाधड़ी के अपराध की सामग्री का विधिवत खुलासा किया गया है।'अदालत ने आदेश दिया है कि सबूतों के आधार पर, आरोपी व्यक्तियों (धर्म सिंह देओल) और बाकी दो लोगों को धारा 420, 120बी के साथ धारा 34 आईपीसी के तहत अपराध करने के लिए कोर्ट सजा सुनाएगा।

# टेलर स्विफ्ट बनी सबसे अमीर महिला म्यूजिशियन



अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट अपने गानों के लिए दुनियाभर में फेमस हैं. भारत में उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. सिंगर ने पिछले साल मार्च 2023 में अपने एरा टूर की शुरुआत की थी, जिसका 8 दिसंबर 2024 को एंड हो गया है. टेलर ने 6, 7 और 8 दिसंबर को वैंकूवर एरास टूर में तीन अंतिम शो के साथ इसकी समाप्ती की है. करीब 2 साल तक अपने इन एरास टूर के दौरान टेलर कई बार इमोशमल हुई हैं, जिसकी वीडियो भी सामने आई है.

टेलर स्विफ्ट का एराज टूर कनाडा के वैंकूवर में तीन अंतिम शो के साथ खत्म हो गया है. अपने एरास टूर के दौरान टेलर स्विफ्ट काफी इमोशनल हुई. इस दौरान सिंगर 'शैंपेन प्रॉब्लम्स' परफॉर्म करने के बाद काफी इमोशनल हो गई और लोगों ने खड़े होकर स्टैंडिंग ओवेशन दिया और खूब तालियां बजाई. वीडियो में टेलर को कहते सुना जा सकते हैं कि- 'टोरंटो, हम इस टूर के फाइनल स्टेज में हैं, इसलिए आप ऐसा कर रहे हैं.

आपको नहीं पता है, ये मेरे लिए कितना मायने रखता है.' इसके बाद टेलर अपने आंसू पोंछने लग गईं.

बता दें, टेलर स्विफ्ट के गानों का हर कोई दीवाना है. सिंगर 14 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं. वहीं उन्होंने एमी अवॉर्ड भी अपने नाम किया है. इसी के साथ अब टेलर स्विफ्ट अब दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन चुकी हैं. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुकाबिक, उनकी कुल नेट वर्थ जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डॉलर है.

# एक छोटी सी गलती और आईसीसी ने बैन कर दी ये लीग

## अकरम-रिचर्ड्स थे एंबेसडर




**नई दिल्ली.**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बड़ा झटका दिया है. इस लीग से सचिन तेंदुलकर, वसीम अकरम और सर विवयन रिचर्ड्स जैसे दिग्गजों का भी कनेक्शन है. आईसीसी ने नियमों के उल्लंघन के चलते अमेरिका की क्रिकेट लीग पर बैन लगा दिया है. बताया जा रहा है कि आईसीसी ने इसके अगले सीजन को मान्यता देने से इंकार कर दिया है. क्योंकि इसमें नियमों की अनदेखी हुई. एक गलती के चलते अमेरिका की इस क्रिकेट लीग को भारी नुकसान झेलना पड़ा है.

अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग में नियमों की धज्जियां उड़ाने के बाद आईसीसी ने कड़ा एक्शन लेते हुए लीग पर प्रतिबंध लगा दिया है. बता दें कि नियमों के मुताबिक़ इस लीग में हर टीम में 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने अनिवार्य है और 4 विदेशी खिलाड़ी. लेकिन टीमों ने इस नियम का उल्लंघन किया. बताया जा रहा है कि आईसीसी को पहले ही इस नियम को तोड़ने की जानकारी मिल गई थी. इसके अलावा वीजा को लेकर भी नियमों का उल्लंघन किया गया. आईसीसी ने भी देर नहीं की और लीग पर बैन लगा दिया. अमेरिका की क्रिकेट लीग को बैन करने की जानकारी आईसीसी ने पत्र लिखकर दी. ऐसे में अब नेशनल क्रिकेट लीग का अगला सीजन आयोजित नहीं हो पाएगा.

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज और वेस्ट इंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स का भी अमेरिका की क्रिकेट लीग से ख़ास कनेक्शन है. लीग ने इन दोनों ही दिग्गजों को एंबेसडर बनाया था. इनके अलावा सुनील गावस्कर, सनाथ जयसूर्या, वेंकटेश प्रसाद, जहीर अब्बास, दिलीप वेंगसरकर और मोईन खान आदि भी इस लीग से जुड़े हुए हैं. ये खिलाड़ी नेशनल क्रिकेट लीग की टीमों के मेंटोर या कोच के रूप में नजर आने वाले थे.

सचिन तेंदुलकर का है ख़ास कनेक्शन बता दें कि 'क्रिकेट के भगवान' और भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी इस लीग का हिस्सा थे. उन्होंने खुद इस संबंध में जानकारी शेयर करते हुए बताया था कि, 'क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ी जर्नी रही है. और में अमेरिका में इस खेल के लिए ऐसे रोमांचक वक्त में नेशल क्रिकेट लीग से जुड़कर खुश हूं.' बता दें कि सचिन इस लीग में ओनरशिप ग्रुप का हिस्सा हैं.

# भारत और ऑस्ट्रेलिया में आज कांटे की टक्कर

## महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे




**पर्थ.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है।

यह सीरीज 2022-25 आईसीसी महिला टी-20 चैंपियनशिप का हिस्सा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अगुवाई हरमनप्रीत कौर कर रही हैं, जबकि एलिसा हीली की जगह ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कमान ताहलिया मैक्ग्रा संभाल रही हैं।

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से आगे है। अब भारतीय महिला टीम को क्लीन स्वीप से बचने के लिए हर हाल में सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मेहमान टीम से पहला मैच 202 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट जबकि दूसरा मैच 122 रन से जीता था।

भारत महिला और ऑस्ट्रेलिया महिला के बीच तीसरा वनडे मैच पर्थ के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड में आज भारतीय समयानुसार सुबह 08:50 बजे खेला जाएगा।

**हमेशा कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हमेशा से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। महिला क्रिकेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कुल 55 वनडे मैच खेले गए हैं। इन मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 45 में जीत जबकि 10 मैच में भारत से हार झेलनी पड़ी है।

# कबड्डी में हिमाचल ने झारखंड को दी पटखनी



**भिवानी.**

सोमवार को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भीम स्टेडियम में 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल कबड्डी प्रतियोगिता के लड़के वर्ग में तीसरे दिन कबड्डी मैच में हिमाचल प्रदेश की टीम ने झारखंड की टीम को 62 रनों से हराया। हिमाचल व झारखंड का स्कोर 77-15 का रहा। दूसरी तरफ लड़कियों के कबड्डी मैच में पंजाब व छत्तीसगढ की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। दोनों टीम ने 38-31 अंकों का स्कोर बनाया। सोमवार को भीम स्टेडियम में प्रतियोगिता के तीसरे दिन एसजीएफआई की फील्ड ऑफिसर सुशीला देवी, वीना सिंह, डीईओ नरेश मेहता, डीईईओ संतोष नागर, प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रामौतार शर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैचों की शुरुआत करवाई।इस मौके पर बीईओ एवं प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी शिव कुमार तंवर, डीईईओ संतोष नागर, को-नोडल अधिकारी सत्यवान कोच, बीईओ सुरेंद्र कुमार, विजय प्रभा, कन्वीनर युद्धबीर सिंह, प्राचार्य पवन शास्त्री, रीमा परमार, सीमा सरदाना, अनिता न, प्राचार्या संतोष भाकर, प्रवेश गोत्तम, अशोक डांडा, श्याम सुंदर सांगवान, विनोद सोनी,भारत यादव आदि उपस्थित रहे.

किस टीम ने किसको हराया : लड़कों के मैच में पंजाब ने विद्या भारती को 47-44, सीबीएसईडब्ल्यूएसओ ने राजस्थान को 38-30, महाराष्ट्र ने दिल्ली को 34-27: डीएवी ने आंध्र प्रदेश को 27-26, एनवीएस ने सीआईएसई को 52-20, मध्यप्रदेश ने बिहार को 38-21, उत्तरप्रदेश ने असम को 42-22, पश्चिमी बंगाल ने पुडुचेरी को 41-20 अंकों के अंतर से हराया।इसी तरह लड़कियों के मैच में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 54-36, पश्चिमी बंगाल ने केरला को 38-31, झारखंड ने चंडीगढ़ को 38-17, तमिलनाडु ने सीबीएसईडब्ल्यूएसओ 33-26, उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 43-26, दिल्ली ने मध्य प्रदेश को 28-22, बिहार ने आंध्रप्रदेश को 42-27 अंकों के अंतर से हराया।

# भारत को ऑस्ट्रेलिया से हर हाल में सीरीज जीतनी होगी

**नई दिल्ली.**

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फ़ाइनल की रेस बेहद रोमांचक हो चुकी है। इसकी रेस में ऑस्ट्रेलिया, भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया से दूसरा टेस्ट हारने के बाद भारत इस समय अगर-मगर की स्थिति में है और उनके फ़ाइनल की राह बेहद मुश्किल हो गई है। लेकिन अगर भारत यहां से वापसी करता है और ऑस्ट्रेलिया को सीरीज हरा देता है तो एक समीकरण ऐसा भी बन रहा है कि भारत और श्रीलंका फ़ाइनल खेल सकते हैं।

दरअसल अगर भारत ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की यह सीरीज 4-1 से हरा देता है तो आराम से डब्ल्यूटीसी के फ़ाइनल में पहुंच जाएगा। ऐसे में उसे इस सीरीज के बचे हुए मैच जीतने होंगे, जो बेहद मुश्किल है। वहीं अगर टीम इंडिया बचे हुए तीन मैचों में दो जीत जाती है और एक मैच ड्रा कराते हुए सीरीज 3-1 से नाम करती है। तब भी उनके पास आराम से डब्लूटीसी के फ़ाइनल में जगह बनाने का मौका होगा।लेकिन अगर भारत यह सीरीज 3-2 से अपने नाम करता है तो ऐसी स्थिति में उसे पाकिस्तान और श्रीलंका पर निभार करना होगा। इस स्थिति में श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया को अपने घर पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करना होगा। अगर वह ऐसा करता है तो ऑस्ट्रेलिया




सीधे -सीधे डब्यूटीसी के फ़ाइनल से बाहर हो जाएगा और श्रीलंका के पास फ़ाइनल में जाबे का मौका होगा। लेकिन इससे पहले पाकिस्तान को 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को क्लीन स्वीप करना होगा। अगर वह ऐसा करती है तो दक्षिण अफ्रीका भी डब्ल्यूटीसी फ़ाइनल से बाहर हो जाएगी और भारत और श्रीलंका फ़ाइनल खेलेंगे।

बता दें यह सीरीज दक्षिण अफ्रीका में खेली जाएगी जहां तक सिर्फ एक ही एशियाई टीम टेस्ट सीरीज जीत पाई है और वह टीम श्रीलंका है। दक्षिण अफ्रीका को उनके घर पर आज तक किसी ने क्लीन स्वीप नहीं किया है।

# विनोद कांबली से भी बुरे हाल में रहनेवाले क्रिकेटर

**नयी दिल्ली.**

विनोद कांबली की आर्थिक तंगी देख अफसोस होना लाजमी है. लेकिन, वो अकेले खिलाड़ी नहीं हैं, जिन्हें क्रिकेट से अलग होने के बाद बुरा दिन देखना पड़ा. जो अर्श से फर्श पर आ गिरे. कई ऐसे क्रिकेटर भी रहे, जिनकी विनोद कांबली से भी खराब हालत हुई. और, जिन्हें पेट पालने के लिए दिहाड़ी मजदूर की तरह काम करना पड़ा है. कांबली की तरह ही जिन स्टार क्रिकेटरों को बुरे दिनों से दो-चार होना पड़ा है, उनमें लू विंसेंट, क्रिस केयन्र्स, अरशद खान, जनार्दन नेवी जैसे नाम शामिल हैं.

विनोद कांबली को तो बीसीसीआई से 30000 रुपये पेंशन मिलते हैं, जिनसे उनका घर चलता है. लेकिन हमने जिन क्रिकेटरों के




नाम लिए उनके पास वो भी नहीं था. उन सबने रोज कमाए और रोज खाए. किसी ने मजदूरी करके तो किसी ने गाड़ियों को साफ करके, वहीं किसी ने पेट पालने के लिए टैक्सी चलाई.

क्रिस केयन्र्स- क्रिकेट से की सारी कमाई को क्रिस केयन्र्स ने हीरे के व्यापार में इन्वेस्ट किया. मगर उनकी सारी जमा पूंजी डूब गई. केयन्र्स को बाद में गाड़ियां साफ कर और ड्राइवर की नौकरी कर पेट पालना पड़ा. उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 61 टेस्ट और 215 वनडे खेले.क्रिस केयन्र्स- क्रिकेट से की सारी कमाई को क्रिस केयन्र्स ने हीरे के व्यापार में इन्वेस्ट किया. मगर उनकी सारी जमा पूंजी डूब गई. केयन्र्स को बाद में गाड़ियां साफ कर और ड्राइवर की नौकरी कर पेट पालना पड़ा. उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 61 टेस्ट और 215 वनडे खेले.जनार्दन नेवी- भारत के लिए 2 टेस्ट खेलने वाले जनार्दन नेवी ने भी क्रिकेट से अलग होने के बाद पेट पालने के लिए गार्ड की नौकरी की थी. कहा जाता है कि वो एक चीनी के मिल में गार्ड थे. कुछ रिपोर्ट्स ये भी दावा करते हैं कि वो अपने अंतिम दिनों में मुंबई-पुणे हाईवे पर भीख मांगते भी दिखे थे. लू विंसेंट- क्रिकेट से दूर होने के बाद लू विंसेंट ने रगलान नामक छोटे शहर में मजदूरी का काम किया था. ये कदम उन्हें इसलिए उठाना पड़ा था क्योंकि उनके लिए घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया था. कहा जाता है कि वो एक बिल्डिंग कंपनी में रिपेयरिंग का काम करते थे, लू विंसेंट ने न्यूजीलैंड के लिए 102 वनडे में 2413 रन बनाए और 2001 से 2007 के बीच 23 टेस्ट और नौ टी20 मैच भी खेले थे.अरशद खान- क्रिकेट से अलग होने के बाद पाकिस्तान के स्पिनर रहे अरशद खान को भी घर का खर्चा चलाने के लिए सिडनी में ट्रैक्सी ड्राइवर का काम करना पड़ा. उन्होंने पाकिस्तान के लिए 58 टेस्ट और 9 वनडे खेलें हैं.

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा बॉक्सिंग डे टेस्ट

**मेलबर्न.**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के टिकट बिक चुके हैं। 24 दिसंबर को कुछ सार्वजनिक टिकटों की अंतिम रिलीज की संभावना है, जो गैर-सदस्यों के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी सीट पाने का आखिरी मौका है, यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सीए ने कहा कि एससीजी में नए साल के टेस्ट के लिए टिकट भी तेजी से बिक रहे हैं, जिसमें पहले से तीसरे दिन के लिए केवल श्रेणी ए और श्रेणी बी के सीमित टिकट उपलब्ध हैं।

श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए एडिलेड ओवल में रिकॉर्ड भीड़ उमड़ने के बाद यह मांग काफी बढ़ गई है, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। एडिलेड ओवल में तीन दिनों में कुल 135,012 दर्शकों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जो भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए 113,009 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया, जो 2014-15 में पांच दिनों में बनाया गया था।इसके अलावा, एडिलेड में भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए एकल-दिवसीय उपस्थिति रिकॉर्ड भी पहले और दूसरे दिन क्रमशः 50,186 और 51,642 दर्शकों के साथ टूट गया, जो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आंकड़ों के अनुसार एडिलेड ओवल में टेस्ट क्रिकेट के किसी भी दिन के लिए तीसरी और पांचवीं सबसे अधिक उपस्थिति थी। सीरीज का पहला टेस्ट, जो पर्थ स्टेडियम में हुआ था.

# अफगानिस्तान के हेड कोच को मिला अच्छे प्रदर्शन का इनाम

## टी20 वर्ल्ड कप की सफलता का हुआ फायदा




**नई दिल्ली.**

एक तरफ पाकिस्तान क्रिकेट टीम में पिछले एक साल में लगातार कोच बदले जा चुके हैं. टीम इंडिया में भी गौतम गंभीर नए कोच बनकर आए हैं और टीम के हालिया प्रदर्शन के बाद से गंभीर को लेकर सवाल उठ रहे हैं. बांग्लादेश ने हाल ही में अपने कोच को निकाल दिया है. वहीं इंग्लैंड ने भी कुछ महीने पहले वनडे-टी20 टीम के कोच को हटा दिया. इन सबके बीच एक अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम के हेड कोच को उनकी मेहनत और सफलता का इनाम दिया है. बोर्ड ने हेड कोच जॉनाथन ट्रॉट को नया कॉन्ट्रेक्ट दिया है, जिसके चलते वो आगे भी टीम के साथ बने रहेंगे.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार 9 दिसंबर को ट्रॉट के कॉन्ट्रेक्ट को बढ़ाने का ऐलान किया. बोर्ड ने ट्रॉट की कोचिंग में पिछले एक-डेढ़ साल में अफगान टीम को मिली सफलता का जिक्र करते हुए उनकी तारीफ की और इस इनाम का हकदार बताया. नए कॉन्ट्रेक्ट के तहत ट्रॉट 2025 तक अफगानिस्तान के हेड कोच बने रहेंगे. इंग्लैंड के इस पूर्व बल्लेबाज को ढाई साल पहले ही अफगानी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और उसके बाद से ही टीम ने हर फॉर्मेट में अपने प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार करते हुए कई ऐतिहासिक जीत दर्ज कीं.

ट्रॉट की कोचिंग में अफगानिस्तानी टीम को सबसे बड़ी सफलता इस साल हुए टी20 वर्ल्ड कप में मिली. वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए इस वर्ल्ड कप में अफगानी टीम ने कई बड़ी टीमों को हराते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था. अफगान क्रिकेट के इतिहास में ये पहला ही मौका था, जब टीम किसी आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंची. हालांकि, वहां उसे साउथ अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन उससे पहले अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और पूर्व टी20 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तक को हराया था. टी20 वर्ल्ड कप से पहले अफगानिस्तानी टीम ने सबसे बड़ा तहलका पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप में मचाया था, जब उसने कई डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड समेत पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड जैसी टीमों को भी हराया था. इंग्लैंड और पाकिस्तान को तो उसने पहली बार किसी भी फॉर्मेट में हराया था. यहां तक कि टीम चैंपियन बनी ऑस्ट्रेलिया को भी हराने के करीब थी लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने हैरतअंगेज पारी से अफगानिस्तान से ये खुशी छीन ली थी.

# फ्लॉप भारतीय कप्तान को मिला दिग्गज त्रिमूर्ति का साथ

**एडिलेड.**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट एडिलेड में खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पूरी तरह फ्लॉप रहे। मैच हारने के बाद रोहित शर्मा भी आलोचनाओं का शिकार हुए। अब भारत के दिग्गज त्रिमूर्ति यानी महान क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री उनके समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि आलोचनाओं से घिरे भारतीय कप्तान को अपने करियर के इस चरण में खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट में रोहित ने मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 3 और 6 रन बनाए थे। प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों ने नरम रुख के लिए उनकी आलोचना की थी।

कपिल ने एक कार्यक्रम में कहा, रोहित को खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कई सालों तक ऐसा किया है, इसलिए हमें किसी पर संदेह नहीं करना चाहिए। मैं उन पर संदेह नहीं करूंगा। मुझे उम्मीद है कि उनका फॉर्म वापस आएगा, यह महत्वपूर्ण है। सलामी बल्लेबाज के रूप में अपने अधिकांश रन बनाने के



बावजूद, 37 वर्षीय खिलाड़ी छठे नंबर पर खिसक गए, जिससे केएल राहुल को शीर्ष स्थान मिला, जिन्होंने पर्थ की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

कपिल ने कहा, एक या दो मैचों के प्रदर्शन के आधार पर आप उनकी कप्तानी पर संदेह नहीं कर सकते। छह महीने पहले जब उन्होंने देश को टी-20 विश्व कप जितवाया था, तब तो मुझसे किसी ने यह सवाल नहीं पूछा। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे मजबूती से वापसी करेंगे।

पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा कि तथ्य यह है कि उन्होंने रन नहीं बनाए। मुझे नहीं लगता कि मैदान पर वह ज्यादा सक्रिय थे। मैं बस उन्हें मैच में अधिक जुड़ा हुआ और अधिक उत्साहित देखना चाहता था। रोहित की बॉडी लैंग्वेज देखकर लगा कि वह थोड़े ज्यादा शांत थे, उन्हें आक्रामक होना चाहिए था।

# 'फ्री की रेवड़ी कल्चर' पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## > सरकारों से कहा - रोजगार के मौके बनाने पर दें ध्यान

नई दिल्ली.






'फ्री की रेवड़ी कल्चर' पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। शीर्ष न्यायालय ने केंद्र समेत राज्य सरकारों को फ्री की रेवड़ियां देने की जगह रोजगार के मौके बनाने की नसीहत दी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों से कई तल्ख सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि आखिर फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी? कोर्ट ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर बनाने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों की ओर से फ्री में दी जा रही सुविधाओं को लेकर सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर बनाने की जरूरत है।

एनजीओ की ओर से दायर एक मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि उन प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए जो 'ई-श्रमिक' पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसपर बेंच ने कहा, 'फ्रीबीज़ कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें? इस पर वकील भूषण ने कहा कि अदालत ने समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड जारी किया जाए ताकि वे केंद्र द्वारा प्रदान किए गए मुफ्त राशन का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिए गए आदेश में यह कहा गया है कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं, लेकिन वे "ई-श्रमिक" पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उन्हें केंद्र द्वारा मुफ्त राशन दिया जाएगा।

इसपर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'यह समस्या है। जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा। वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं।

### 81 करोड़ लोगों को मुफ्त मिल रहा राशन

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने उस वक्त हैरानी जताई जब केंद्र ने अदालत को बताया कि 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इसपर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, 'इसका मतलब है कि केवल टैक्सपेयर्स ही बाकी हैं।

# ममता को सौंपा जाए इंडिया का नेतृत्व

## > आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा

नई दिल्ली.



आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने भी कांग्रेस को जोरदार झटका दिया है। लालू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को सौपा जाना चाहिए। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है। ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बिहार में उनकी पार्टी 2025 में से सरकार बनाने जा रही है। साथ ही साथ लालू ने कांग्रेस को सीधी नसीहत देत हुए उसकी आपत्तियों को बेबुनियाद करार दिया है.

पटना में लालू यादव ने कहा, 'कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है. हम ममता बनर्जी का समर्थन करेंगे. ममता बनर्जी को (इंडिया ब्लॉक) का नेतृत्व दिया जाना चाहिए. हम 2025 में फिर से सरकार बनाएंगे.'

इससे पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा था, 'इस मामले पर अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई. जब गठबंधन के वरिष्ठ नेता एक साथ बैठेंगे और इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे, तब इस तरह की बातें तय की जाएंगी. मुझे नहीं लगता कि गठबंधन चलाने के लिए वरिष्ठ नेताओं के नामों पर कोई आपत्ति होगी.

इंडिया गठबंधन के भीतर राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर संदेह जताया जा रहा है. हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की स्थिति में सुधार हुआ था और गठबंधन ने बीजेपी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में राहुल गांधी का जादू नहीं चला, जिसके बाद इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर सवाल उठने लग गए हैं. ममता बनर्जी के बयान के बाद से उनका कई सहयोगी दलों ने समर्थन किया है.

# हरमीत यूएस में सहायक अटॉर्नी जनरल नियुक्त



वाशिंगटन.

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम में भारतवंशियों की धमक बढ़ती जा रही है. लिस्ट में नया नाम हरमीत के ढिल्लों का जुड़ा है. ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी हरमीत के ढिल्लों को न्याय विभाग में सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त किया है. ट्रंप ने खुद इसका ऐलान किया. ट्रंप ने कहा कि मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के ढिल्लों को नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है.

ट्रंप ने कहा, अपने पूरे करियर के दौरान हरमीत नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा के लिए खड़ी रही हैं. हरमीत अमेरिका की टॉप वकीलों में से एक हैं. वह डार्टमाउथ कॉलेज और वर्जीनिया यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल से स्नातक हैं.

# नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा

## > लालू ने कहा - आंखें सेंकने जा रहे हैं...

पटना.



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 दिसंबर से शुरू 'महिला संवाद यात्रा' निकालने जा रहे हैं. इस यात्रा को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है. राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नीतीश कुमार पर हमलावर है. इस दौरान आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने आपत्तिजनक बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार आंखें सेंकने जा रहे हैं. 2025 के विधानसभा चुनाव में आरजेडी ही सरकार बनाएगी.

लालू यादव के बयान पर बीजेपी भड़क गई है. बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले तो लगता था कि लालू जी शारीरिक रूप से ही सिर्फ बीमार हैं, लेकिन अब वो मानसिक रूप से भी बीमार हो गए हैं. उन्हें कोइलवर में इलाज की आवश्यकता है. नीतीश कुमार के खिलाफ उनका बयान अत्यंत ही घृणित और शर्मनाक है.

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरजेडी प्रमुख लालू यादव के बयान पर कहा, 'वहां अवसरवादी स्वार्थी लोगों की जमात है, जिन्होंने जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है और भ्रष्टाचार के जरिए संपत्ति बनाई है. उन्होंने माहौल बनाकर देश के प्रधानमंत्री मोदी को रोकने की कोशिश की, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया. अब नए बैनर की तैयारी के लिए यह खेल शुरू हुआ है.'

वहीं, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'महिला संवाद यात्रा' पर सवाल उठाते हुए पूछा था कि क्या किसी सीएम को जनता से मिलने के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च करने की जरूरत है. उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोग नीतीश कुमार का चेहरा आगे करके बिहार का खजाना लूट रहे हैं.

दरअसल, बिहार कैबिनेट ने यात्रा के लिए 225 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिसका आयोजन राज्य के ग्रामीण विकास विभाग की ओर से किया जा रहा है.

तेजस्वी यादव ने कहा कि यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री लोगों के बीच जा रहे हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि अगर मुख्यमंत्री जनता से बात करना चाहते हैं, तो 200 करोड़ से अधिक की राशि कहां खर्च होगी? क्या मुख्यमंत्री को जनता से बात करने के लिए 250 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे? जनता और विपक्ष जानना चाहता है कि यह राशि कहां खर्च होगी.

# श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

कोलंबो.

श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। कोलंबो में मौजूद भारतीय मिशन के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने इसके जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में इन मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि 21 भारतीय मछुआरों के एक समूह को श्रीलंका से सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है। वे फिलहाल अपने घर वापस जा रहे हैं। द्विपक्षीय संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद विषय रहा है। इसमें श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी। इतना ही नहीं श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में मछुआरों की नावों को भी जब्त कर लिया था।

# बर्फबारी, बारिश और अब शीतलहर

## > कई राज्यों में पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

नई दिल्ली.



पहाड़ी राज्यों के कुछ इलाकों में पहले से ही शून्य से नीचे तापमान दर्ज किया जा रहा है। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो रही है। इसी तरह, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और बिहार के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएडी) के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दिल्ली में शीत लहर चलने वाली है। 14 दिसंबर तक दिल्ली और अन्य उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिले शीत लहर की चपेट में रहेंगे।

आईएमडी ने बताया कि 13 से 14 दिसंबर के बीच हल्की धुंध छाने की संभावना है। साथ ही हल्के पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, 25 दिसंबर तक ठंड में थोड़ी वृद्धि होने की उम्मीद है।

उत्तरी क्षेत्र में शीत लहर का प्रकोप पहले से ही है। हरियाणा का हिसार इस क्षेत्र में सबसे ठंडे स्थानों में से एक बन गया है, जहां पिछले दिनों तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को शीत लहर के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से सुबह और देर शाम के समय सबसे अधिक ठंड होने की संभावना होती है।

# प्रयागराज में तैयार की जा रही दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली



**प्रयागराज.** यूपी के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज में विश्व की सबसे बड़ी रंगोली तैयार की जा रही है। ये रंगोली 55,000 वर्ग फुट की है और इसमें 11 टन रंग का इस्तेमाल किया जाएगा। इस रंगोली को कुशल कलाकारों और स्वयंसेवकों की एक टीम द्वारा तैयार किया जा रहा है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसकी कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करती है। जानकारी के अनुसार, यह आध्यात्मिकता, एकता और भक्ति के विषयों को चित्रित करेगी, जो महाकुंभ के पवित्र वातावरण के साथ गूंजता है। आयोजकों ने इस पहल में पर्यावरण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण पर जोर दिया है और यह भी सुनिश्चित किया है कि ये रंग गंगा नदी को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

# 'बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए करें हस्तक्षेप'

नई दिल्ली.




धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू समुदाय से जाति समूहों में न बंटने और एकजुट रहने की भी अपील की है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शनकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए रामगिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ तुरंत बड़ा कदम उठाने की जरूरत है। बता दें कि, ये प्रदर्शन सकल हिंदू जनजागरण समिति की तरफ से आयोजित किया गया था।

इस दौरान धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदू अत्याचारों के कारण पीड़ित हैं। यहां तक कि हिंदू महिलाओं को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

मंदिरों और बुद्ध विहारों में तोड़फोड़ की जा रही है। सनातन धर्म किसी भी समुदाय से नफरत नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान इस्कॉन ने बांग्लादेश के लोगों को भोजन कराया, लेकिन अब वे संगठन के खिलाफ हो गए हैं।

### सभी को अपने पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता

रामगिरी महाराज ने कहा कि हर किसी को अपनी पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता है। इस साल की शुरुआत में हिंदू संत ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया था, जिसके कारण पूरे महाराष्ट्र में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, मंगलवार को मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ और परभणी शहरों और बीड जिले के कुछ गांवों में बांग्लादेश की स्थिति को लेकर प्रदर्शन हुए। शिवसेना विधायक बालाजी कल्याणकर नांदेड़ में एक हिंदू संगठन की तरफ से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। बीड जिले के परली शहर और परभणी शहर में शांतिपूर्ण बंद रहा।

# कालकोठरियों से विद्रोहियों ने मुक्त कराए कैदी



सीरिया.

राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भागने और देश पर विद्रोहियों का कब्जा होने के बाद राजधानी दमिश्क की सड़कों पर जबरदस्त जश्न मनाया गया। विद्रोहियों ने असद के शासन में कैद किए गए कई कैदियों को भी सोमवार तड़के कालकोठरियों से मुक्त कराया। असद परिवार के करीब 50 वर्षीय शासन को सिर्फ 10 दिनों में विद्रोहियों ने हमला बोलकर खत्म कर दिया और अब राजनीतिक कैदियों को आजाद कराने के लिए जेलों व सुरक्षा सुविधाओं में तोड़फोड़ की।

एक ऐसे ही कैदी हैं 63 वर्षीय बशर बरहौम। उन्हें फांसी की सजा दी गई थी और सोमवार को इस पर तामीली होना थी। जब उन्होंने देखा कि दरवाजे पर कुछ लोगों की चहलकदमी हो रही है तो वे समझे कि यह फांसी चढ़ाने के लिए आए हैं। लेकिन सामने देख तो ये लोग असद के कुख्यात सुरक्षा बलों से नहीं थे बल्कि उन्हें मुक्त करा रहे थे। बरहौम ने भी कैद से रिहा होकर जश्न मनाया और कहा, मैंने आज तक सूरज नहीं देखा है, सोमवार को सजा-ए-मौत के बजाय मुझे नया जीवन मिला है।

जेल से रिहा हुए कई लोग नंगे पैर या बमुश्किल कपड़े पहने दमिश्क की सड़कों पर अपनी आजादी का जश्न मनाते देखे गए। विद्रोहियों ने जेलों में जाकर बंदियों से कहा, डरो मत... असद का राज खत्म हो चुका है। सड़कों पर आकर कैदी खुशी से चीख रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि अब जल्द ही वे अपने परिवार से मिल सकेंगे।

# पिछले 48 घंटों में इजराइल ने की 300 स्ट्राइक

**येरुशलम.** तख्तापलट के बाद फैली आराजकता का इजराइल फायदा उठाने में लगा है. असद की सेना मैदान छोड़ चुकी है और सीरिया की सुरक्षा के लिए इस वक्त सरकार या सेना मौजूद नहीं है. विद्रोहियों के कब्जे के बाद से ही इजराइल ने गोलान हाइट्स से लगे सीरियाई क्षेत्र में अपना कब्जा बढ़ाना शुरू कर दिया है.

इजराइल ने पिछले 48 घंटों में सीरिया पर करीब 300 एयर स्ट्राइक की हैं. जिसकी वजह से सीरियाई एयर फोर्स और एयर डिफेंस नेटवर्क पूरी तरह से तबाह हो गया है, लगभग सभी विमान, हेलीकॉप्टर और वायु रक्षा प्रणाली इन हमलों में नष्ट हो गईं हैं.

इजराइल ने सोमवार को सीरिया के उन हथियारों को निशाना बनाया जिनके बारे में उसे डर है कि बशर अल-असद शासन के पतन के बाद वह चरमपंथियों के हाथों लग सकते हैं. दो सीरियाई सुरक्षा सूत्रों ने सोमवार को कहा कि इजराइली विमानों ने कम से कम तीन प्रमुख सीरियाई सेना के हवाई ठिकानों पर बमबारी की, जिनमें दर्जनों हेलीकॉप्टर और जेट विमान थे.

# 'साइबर अपराध मानवाधिकारों के लिए खतरा'

## > राष्ट्रपति ने एआई के प्रभाव पर की बात

नई दिल्ली.



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मानवाधिकार दिवस के मौके पर मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर अपराध एवं जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "जब हम भविष्य की तरफ बढ़ रहे हैं तो हमारे सामने नयी उभरती चुनौतियां पेश हो रही हैं। साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं।" उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी तो है लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डीप फेक, गोपनीयता की चिंता और गलत सूचना का प्रसार जैसे जटिल मुद्दे भी सामने आए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई और मानव जीवन पर उसके प्रभाव के पहलू पर भी बात की। उन्होंने कहा, "एआई अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कदम रख चुकी है और वह कई समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन हमारे सामने कई नई समस्याएं भी खड़ी हो रही है।" उन्होंने बताया कि अबतक मानवाधिकारों पर विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है जिसमें करूणा अपराध बोध जैसी विविध मानवीय संवेदनाए होती हैं। जलवायु परिवर्तन पर बात करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है।

# 11 लाख से ज्यादा बच्चे नहीं गए स्कूल

## > लिस्ट में पहले नंबर पर यूपी

नई दिल्ली.



सरकार ने सोमवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में देशभर में ऐसे 11.70 लाख से अधिक बच्चों की पहचान की गई है जो स्कूल में पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। लोकसभा में प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा कि ऐसे बच्चों की सबसे ज्यादा संख्या उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में 7.84 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते।

मंत्री की तरफ से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 11,70,404 बच्चों की पहचान स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों के रूप में की गई है। झारखंड में 65 हजार से अधिक और असम 63 हजार से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। आंकड़ों के अनुसार, सात वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच ग्रामीण भारत की साक्षरता दर 2011 में 67.77 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 77.50 प्रतिशत हो गई।

इस अवधि में महिला साक्षरता 57.93 प्रतिशत से बढ़कर 70.40 प्रतिशत हो गई। पुरुष साक्षरता 77.15 प्रतिशत से बढ़कर 84.7 प्रतिशत हो गई। नवीं, 10 वीं कक्षा के 7.9 लाख से अधिक छात्रों ने एआई विषय को चुना। अन्य प्रश्न के उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि 2024-25 शैक्षणिक सत्र में 4,538 स्कूलों के 7.90 लाख से अधिक छात्रों ने माध्यमिक स्तर पर (कक्षा 9 और 10 वीं) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम को चुना है। 944 स्कूलों के 50 हजार से अधिक छात्रों ने वरिष्ठ माध्यमिक स्तर (कक्षा 11वीं और 12वीं) में एआई का विकल्प चुना है।

### ग्रामीण साक्षरता दर 10 प्रश. से ज्यादा

पिछले दशक में ग्रामीण साक्षरता दर 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। अन्य प्रश्न के उत्तर में जयन्त चौधरी ने कहा कि पिछले दशक में ग्रामीण भारत में साक्षरता दर में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस अवधि में महिलाओं की साक्षरता दर 14.50 प्रतिशत बढ़ी।

# ट्रंप की धमकियों पर चीनी राष्ट्रपति का पलटवार

## > बोले- हम अपने हितों की करेंगे रक्षा

बीजिंग.



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों पर पलटवार किया है, जिनमें चीन पर आयात शुल्क को जबरदस्त तरीके से बढ़ाने की बात कही गई थी। जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ और तकनीक को लेकर छिड़ी इस जंग में कोई विजेता नहीं होगा और बीजिंग मजबूती से अपने हितों और स्वायत्ता की रक्षा करेगा।

जिनपिंग ने विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि शुल्कों को लेकर शुरू हुई जंग, व्यापार जंग और तकनीक की जंग ऐतिहासिक चलनों और आर्थिक कानूनों के खिलाफ हैं। बैठक के दौरान जिनपिंग ने अमेरिका के साथ संबंधों में चीन के सिद्धांतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अपने मामलों पर केंद्रित होने और मजबूती से अपनी स्वायत्ता, सुरक्षा और विकास के हितों की रक्षा करने पर जोर देता रहा है। लेकिन इस बीच उच्चस्तर पर खुलने का हमारा लक्ष्य नहीं बदलेगा। शी जिनपिंग की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब हाल ही में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि वह और शी जिनपिंग काफी अच्छे से बात कर लेते हैं और उनकी हाल ही के हफ्ते में बात हुई है। हालांकि, चीन की तरफ से शी जिनपिंग और ट्रंप के बीच बातचीत की कोई पुष्टि नहीं की गई है।

# धनखड़ के खिलाफ आएगा अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली.

कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली है. जानकारी के अनुसार, 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाने का फैसला किया है. अब तक इस पर 70 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं. इसी बीच सभापति जगदीप धनखड़ फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई है. 'इंडिया' ब्लॉक की सभी पार्टियों ने इस अविश्वास प्रस्ताव पर सहमति जताई है.

राज्यसभा में सोमवार (9 दिसंबर) को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के कई सदस्यों ने सभापति जगदीप धनखड़ पर कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया था. सुबह, उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक कामकाज निपटाने के बाद बताया कि सूचीबद्ध कामकाज निलंबित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत कुल 11 नोटिस मिले हैं. उन्होंने सभी नोटिस खारिज कर दिए.

नोटिस खारिज किए जाने के बावजूद सभापति द्वारा सत्ता पक्ष के सदस्यों के नाम पुकारे जाने और उन्हें बोलने का अवसर देने पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने कड़ी आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि जब सभापति ने नियम 267 के तहत नोटिस खारिज कर दिए हैं तो उसमें उल्लिखित मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा, "बहुत गलत हो रहा है. आप सभापति हैं. आप सदन के रक्षक हैं. कृपया आप पक्षकार मत बनिए. हंगामे के दौरान ही नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा, "बहुत देर से मैंने अपना हाथ उठाया हुआ था. जब सदन के नेता ने कुछ बात कही और मैं उससे सहमत नहीं था.

# लिंगायत समुदाय ने की विधानसभा के घेराव की कोशिश

**नई दिल्ली.** लिंगायत पंचमसाली समुदाय की ओर से आरक्षण की मांग को लेकर कर्नाटक के बेलगावी में प्रदर्शन हुआ. समुदाय के धार्मिक प्रमुख बसवजय मृत्युंजय स्वामी के नेतृत्व वाले आंदोलन पर लाठीचार्ज किया गया. इसमें प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरा तोड़कर विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसका शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हुआ था. प्रदर्शनकारियों ने धमकी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वे विधानसभा की ओर मार्च करेंगे और उसका घेराव करेंगे. इसके जवाब में पुलिस ने विपक्षी भाजपा के कई विधायकों को हिरासत में ले लिया और मृत्युंजय स्वामी के साथ-साथ उनके कई समर्थकों को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया. इस लाठीचार्ज के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किए जा रहे हैं, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि सड़कों पर फटे हुए जूतों से लेकर सारा सामान बिखरा हुआ है और पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जोरदार बहस चल रही है.